CMYK

तापमान
अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 08°C

सेंसेक्स 74,340.09
निफ्टी 22,544.70

सोना 88,200
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शुक्रवार 7 मार्च 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 282 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081 6 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## छठा रोज़ा

### ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।

# उत्तराखंड में अब बारामासी रहेगा टूरिज्म: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रधानमंत्री ने 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की उत्तराखंड विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग

**हर्षिल/उत्तरकाशी।** एक दिवसीय शीतकालीन यात्रा पर गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुखवा और हर्षिल से उत्तराखंड में शीतकालीन तीर्थाटन और पर्यटन की जोरदार ब्रांडिंग की। उन्होंने तीर्थयात्रियों, पर्यटकों से लेकर कॉरपोरेट और फिल्म उद्योग तक को विंटर सीजन में उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की है। हर्षिल में जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने सबसे पहले बीते दिनों माणा में हुए हिमस्खलन में दिवंगत लोगों के प्रति दुख: व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की यह भूमि, आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत है। उन्होंने उत्तराखंड से अपना आत्मीय लगाव, व्यक्त करते हुए कहा कि वो जीवनदायिनी मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल पर अपने परिवारजनों के बीच पहुंचकर धन्य महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा की कृपा से ही उन्हें दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला। मां गंगा के आशीर्वाद से ही वह काशी पहुंच,



सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने कहा था कि मां गंगा ने ही उन्हें काशी बुलाया है। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि उन्हें कुछ महीने पहले अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने -शेष पृष्ठ दो पर

## हर विपदा में प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे: पुष्कर धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड पर जब भी कोई विपदा आई है, चाहे केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आई प्राकृतिक आपदा, जोशीमठ में भूधंसाव, सिलक्यारा टनल हो या फिर अभी हाल ही में चमोली में माणा गांव के पास हुई हिमस्खलन की घटना हो।

प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चार हजार 81 करोड़ रुपये की लागत से गौरीकुंड से केदारनाथ और 27 सौ 30 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोप-वे निर्माण की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों रोप-वे परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद तीर्थयात्रियों को आवगमन के लिए सुगमता होगी और प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी का एक प्रमुख आधार है। होटल व्यवसायियों से लेकर टैक्सी चालकों, स्थानीय दुकानदारों के साथ ही यात्रा से जुड़े हुए लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि शीतकाल में उत्तराखंड के चारों धामों के कपाट बंद होने के बाद इन सभी लोगों की आर्थिकी प्रभावित होती थी।

# POK वापसी के बिना कश्मीर हल संभव नहीं

## कश्मीर के सवाल पर जयशंकर ने पाकिस्तानी पत्रकार को दिया जवाब

लंदन, वार्ता

■ कहा : हमने इस क्षेत्र में अधिकांश मसले को हल करने के लिए अच्छा काम किया

**विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर** ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र बाकी हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी है।

डा. जयशंकर ने यहां चैथम हाउस में संवाद कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार के जम्मू-कश्मीर के मसले के समाधान के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने इसमें से अधिकांश को हल करने के लिए अच्छा काम किया है। अनुच्छेद 370 को हटाना, विकास और समृद्धि को बहाल करना, चुनाव आयोजित करना, जिसमें अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम जिस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब ऐसा किया जाएगा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर मसला हल हो जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा था कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति एवं बातचीत से विवादों के समाधान के पक्षधर हैं, तो क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर के मसले के समाधान के लिए बात करेंगे। अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के भारत पर प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में हमने जो कुछ भी देखा है, वह वैसा ही है जैसी हमें पहले से उम्मीद थी। मुझे तो इस बात का आश्चर्य है, लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं।

### भारत ने की खालिस्तानियों के हंगामे और राष्ट्रध्वज के अपमान की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों एवं आतंकवादियों द्वारा हंगामा और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किए जाने की कड़ी निंदा की है तथा ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों की निष्क्रियता पर क्षोभ व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां मीडिया के सवालों पर कहा कि हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन की यात्रा के दौरान सुरक्षा भंग के फुटेज देखे हैं। हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा करते हैं। हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग की भर्त्सना करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने राजनयिक दायित्वों को पूरी तरह से पूरा करेगी। उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने लंदन में डा. जयशंकर का रास्ता रोकने का प्रयास किया, भारत विरोधी नारे लगाए तथा भारतीय ध्वज फाड़ दिया, जबकि वहां मौजूद स्थानीय सुरक्षा अधिकारी हस्तक्षेप करने की बजाय पूरी तरह से निष्क्रिय और उदासीन बने रहे।



## हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार हर जरूरतमंद के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन के दौरान उन्होंने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर यूपी सरकार को लगाई कड़ी फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अतीक से जुड़ी संपत्ति मानकर गिरा दिए थे मकान

■ वकील और प्रोफेसर के घरों को अवैध रूप से तोड़ने पर पुनर्निर्माण के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में 2021 में हुए एक बुलडोजर एक्शन को लेकर यूपी सरकार को आड़े हाथों लिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि उन्हें नोटिस मिलने के कुछ घंटों के भीतर बुलडोजर चला दिया गया। जवाब देने या कानूनी बचाव का मौका तक नहीं दिया गया। रविवार, 7 मार्च 2021 को हुई इस कार्रवाई में प्रोफेसर अली अहमद और वकील जुल्फिकार हैदर समेत कुल 5 लोगों के मकान गिराए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शनिवार, 6 मार्च की रात को नोटिस दिया गया। हालांकि नोटिस पर एक मार्च की तारीख लिखी थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जिस जमीन पर यह मकान बने थे, वह लोग -शेष पृष्ठ दो पर

### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम राहत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सनातन धर्म पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने को लेकर विवादों में घिरे तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ बिना इस अदालत की अनुमति नए आपराधिक मामले दर्ज नहीं किए जाए। पीठ ने श्री स्टालिन के खिलाफ विभिन्न राज्यों में शुरू की गई सभी आपराधिक कार्यवाहियों को एक साथ करने की उनकी याचिका पर यह अंतरिम निर्देश पारित किया।




## गंगा सफाई गारंटी पर वादा भूल गए मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए 'नमामि गंगे योजना' शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ उससे गंगा साफ नहीं हुई। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री की गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी जी ने कहा था कि उनको 'मां गंगा ने बुलाया है' पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को 'भुलाया' है।

## पोर्ट स्टेनली से केपटाउन के लिए रवाना हुई तारिणी

**नई दिल्ली।** समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने निकली नौसेना की दो महिला अधिकारियों की नौका तारिणी पोर्ट स्टेनली से अगले चरण में केप टाउन के लिए रवाना हो गई है।

# कौशांबी से खालिस्तानी आतंकवादी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र से एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में गुरुवार तड़के आंतकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं आईएसआई मॉड्यूल के दुर्दांत आतंकवादी लजर मसीह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में असलहा और गोला बारूद बरामद किए गए।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने यहां पत्रकारों को बताया कि प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सकाढा मोड़ के पास यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप के आतंकी लजर मसीह को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड, तीन जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक रूस निर्मित पिस्टल और 13 जीवित कारतूस के अलावा फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है।



■ एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में असलहा और गोला-बारूद बरामद

## उप्र विस के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा का बजट सत्र पूरा हो गया है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही कुल 72 घंटे 56 मिनट तक चली। जबकि 3 घंटा 36 मिनट के लिए स्थगित हुई। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चार दिन चर्चा हुई। इसमें 147 सदस्यों ने हिस्सा लिया। बजट पर साधारण चर्चा 4 दिन तक हुई। जिसमें कुल 94 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 3 विधेयक पारित हुए। सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और समेत सभी दलीय नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस सदन का ब्रांड एम्बेसडर है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन में सदस्य जो भी वायदा अपने क्षेत्र में करें उसे पूरा जरूर करें।

# अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से 42 महिलाएं सम्मानित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 42 महिलाओं को गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली इन महिलाओं को 2025 के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर, श्रम, रोजगार युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया, स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन और लोकसभा सदस्य मनोज तिवारी सहित कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। श्री गडकरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक ऐसे समाज के निर्माण की जरूरत है, जहां समानता हो और हीनता की भावना नहीं हो।



■ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले नवाजा गया



# उत्तर प्रदेश के शिक्षा मित्रों की नौकरी पर संकट के बादल

## यूपी में अवकाश लेकर हो रहे गायब, अब उत्तर प्रदेश में खंगाली जाएगी कुंडली

**लखनऊ, वार्ता**

पूरे उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों की कुंडली खंगाली जाएगी। यह आदेश राज्य परियोजना निदेशक ने दिए हैं। आदेश में बताया गया है कि ये शिक्षा मित्र प्रदेश के कई मंडलों में लंबे समय से अवैतनिक अवकाश लेकर गायब चल रहे हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अब लखनऊ मंडल में ऐसे 270 शिक्षामित्रों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है , ताकि इस तरह का मामला कहीं पाया जाता है, तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।




एक दैनिक अखबार ने 15 जनवरी को यह मामला उठाया था। उसकी रिपोर्ट में कहा गया था कि लखनऊ मंडल से जुड़े शिक्षामित्रों के अवैतनिक अवकाश लेकर लंबे समय से गायब रहने व इसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। निदेशालय ने मंडल के सभी जिलों के बीएसए को ऐसे शिक्षामित्रों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने सभी बीएसए से समग्र शिक्षा व बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जिलों में कार्यरत शिक्षामित्रों का विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस मामले को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान बड़ी बात कही गई थी। शिक्षा मंत्री ने शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर जवाब दिया था। यूपी के शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय में बढ़ोतरी किए जाने की मांग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि यूपी के शिक्षामित्र को वर्तमान में 10000 प्रति महीने के हिसाब से मानेदय दिया जा रहा है। पहले 3500 प्रति महीने के हिसाब से शिक्षामित्र को मानदेय दिया जाता था। बाद में शिक्षामित्र के मानदेय में 10000 की बढ़ोतरी की गई है।

विपक्ष के माध्यम से जब सवाल पूछा गया कि शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर क्या विचार है तो इस पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि अभी शिक्षामित्र के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। क्योंकि पहले ही शिक्षामित्र के मानदेय में 3500 से बढ़कर 10000 कर दिया गया है। अभी भविष्य में शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी का कोई विचार नहीं है। अब उत्तर प्रदेश में शिक्षामित्र के अवैतनिक अवकाश को लेकर जल्द कार्रवाई शुरू होगी। जो शिक्षामित्र वेतन अवकाश लेकर किसी और कार्य में संलग्न है, उन शिक्षामित्र की नौकरी समाप्त कर दी जाएगी।

# यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को मिला नया सीईओ

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को लंबे समय बाद एक स्थायी मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मिल गया है। हाईकोर्ट ने अनुभवी और ईमानदार अधिकारी जीशान रिजवी की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। वे पहले भी इस महत्वपूर्ण पद पर कार्य कर चुके हैं और उनकी प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

बोर्ड में स्थायी सीईओ की गैरमौजूदगी के कारण वक्फ संपत्तियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य अटके हुए थे, खासकर धारा 52 और 54 के तहत होने वाली कार्रवाहियां। वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण और अनियमितताओं को रोकने के लिए ये धाराएं बेहद अहम हैं, लेकिन सीईओ के अभाव में इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने अस्थायी रूप से अजीज अहमद को सीईओ का चार्ज सौंपा था, लेकिन उनके पास पहले से ही सचिवालय



- हाईकोर्ट ने जीशान रिजवी की नियुक्ति का दिया आदेश, अजीज को किया कार्य मुक्त

और सुन्नी वक्फ बोर्ड की सीईओ की जिम्मेदारी थी, जिससे वे शिया वक्फ बोर्ड के कार्यों को पूरी तरह संचालित नहीं कर पा रहे थे। इसके चलते बोर्ड के प्रशासनिक कार्य ठप पड़ गए थे और हितधारकों में निराशा बढ़ रही थी। बोर्ड के कार्यों में हो रही देरी और शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने जीशान रिजवी की नियुक्ति का आदेश जारी किया और सरकार को 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश भी दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले का वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों और हितधारकों ने स्वागत किया है। वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर जीशान रिजवी की सख्त कार्यशैली जानी जाती है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि अब लंबित मामलों का जल्द निस्तारण होगा और वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। इस फैसले पर 'सेव वक्फ इंडिया ' के वाइस प्रेसिडेंट सैयद रिजवान मुस्तफा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हाईकोर्ट का यह निर्णय वक्फ संपत्तियों की रक्षा और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। जीशान रिजवी की नियुक्ति के बाद अब बोर्ड के कार्यों में नई ऊर्जा और गति आने की संभावना है। लंबित मामलों का समाधान, वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में यह निर्णय एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि उनकी अगुवाई में वक्फ बोर्ड किस तरह अपनी कार्यप्रणाली को सशक्त और प्रभावी बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्थिक असमानता में सौ वर्षों का रिकॉर्ड टूटा: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया और करीब एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इसका मतलब सौ साल पहले जितनी असमानता थी वह आज है। उन्होंने कहा कि एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था इस हालत में है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी एक शब्द बोलने को तैयार नहीं है। सरकार ने लोगों को उनकी बदहाली में छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों पर देश के लोगों ने अपना पैसा शेयर बाजार में लगाया और देशवासियों का 94 लाख करोड़ रुपया शेयर बाजार में डूब गया। लोगों की जिंदगी की गाढ़ी कमाई का पैसा डूब गया, लेकिन प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने चंद मित्रों का सोलह लाख करोड़ रुपया माफ किया। यह देश के लोगों का पैसा था। उन्होंने कहा कि सरकार अनाप शनाप टैक्स लगाकार लोगों से पैसा वसूलती है और अपने मित्रों का कर्ज माफ कर देती है।

### महिला दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा यहां विज्ञान भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। महिला दिवस के अवसर पर 'वह भारत का निर्माण कर रही है' हैशटैग से सोशल मीडिया पर एक मेगा अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ मेरा युवा भारत पोर्टल के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य भाग लेंगी।

# एसिड अटैक पीड़िताओं को दी जाएगी आर्थिक मदद

**नई दिल्ली, वार्ता**

- नई दिल्ली में आठ को होगा अपराजिता सम्मान समारोह, समग्र समाज के लिए जागरूकता की मुहिम चला रहा किसान ट्रस्ट


किसान ट्रस्ट के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित अपरा. जिता समारोह में एसिड अटैक पड़िताओं को आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह समारोह आठ मार्च को आयोजित होगा। इसमें समाज में समावेशिता और न्याय की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही आर्थिक साक्षरता बढ़ाने, नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराने, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को बाजार उपलब्ध कराने पर मंथन किया जाएगा। यह प्रथम अपराजिता सम्मान समारोह होगा। इसमें महिलाओं की दृढ़ता और उपलब्धियों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान में दो प्रमुख पैनल चर्चा होंगी जिनमें विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और समाज में बदलाव लाने वाले प्रमुख व्यक्तियों की भागीदारी रहेगी।

पहली चर्चा में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार किया जाएगा, जिनमें बचपन से स्वास्थ्य जागरूकता की कमी, स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने में आने वाली चुनौतियां, रजोनिवृत्ति से जुड़े मिथकों को तोड़ना, और समग्र कल्याण के लिए पोषण और फिटनेस की भूमिका शामिल है। इस सत्र में विश्व बैंक की दीपिका आनंद , सर्वोदय अस्पताल से जुड़े डा. शहला जमाल, पोषण विशेषज्ञ ईशी खोसला और सामाजिक प्रभाव विशेषज्ञ शैफालिका पांडा अपनी राय साझा करेंगी और इसका संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा अहलावत करेंगी। दूसरी चर्चा में डिजिटलीकरण महिलाओं के जीवन को कैसे बदल रहा है, आर्थिक साक्षरता बढ़ाने, नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराने, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को बाजार उपलब्ध कराने और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने में इसकी क्या भूमिका है। इस पर चर्चा होगी यहां गेट्स फाउंडेशन की अर्चना व्यास डा. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल से उमंग माथुर नताशा जोग और संया सेठ (यूएन वीमेन) प्रमुख वक्ता होंगी और इसका संचालन लीडरशिप कोच शिल्पी सिंह करेंगी। यह जानकारी किसान ट्रस्ट अध्यक्ष डा. यशवीर सिंह ने दी।

## मुख्यमंत्री योगी 2100 प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए टूल किट

# यूपी में दस लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेंगे

**गोरखपुर, वार्ता**



- युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को शुरू की गई थी
- एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, अभी 254794 हजार आवेदन आ चुके हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है।

बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपए का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण कार्यक्रम में योगी ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं। यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपए वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है। आज 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ ऋण वितरण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नई दिशा में चला है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर व बस्ती के सातों जिलों गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के युवाओं को ऋण वितरित किया गया। जब हम यह स्कीम बना रहे थे, तभी आपकी ऊर्जा पर विश्वास था। हमें पता था कि आपके पास विजन है, उसे धरातल पर उतारने के लिए पूंजी की आवश्यकता है। कई नौजवान स्टार्टअप-कारोबार प्रारंभ करना चाहते, लेकिन पूंजी का अभाव होता है। हमने तय किया कि उसकी मजबूरी को मजबूरी नहीं रहने देंगे, बल्कि उसके विजन को धरातल पर उतारेंगे। योगी ने कहा कि उपराष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम का पोर्टल प्रारंभ कराया। इसमें हमने व्यवस्था दी कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। 10 प्रतिशत तक मार्जिन मनी भी सरकार उपलब्ध कराएगी। अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अतिपिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है।

### बसपा का अब हो गया है भाजपाकरण: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बहुजन समाज पार्टी का उदय सामाजिक न्याय के धरातल पर हुआ है लेकिन अब उसका भाजपाकरण हो गया है और इसी आधार पर वह राजनीतिक निर्णय ले रही है। कांग्रेस नेता तथा दलित, ओबीसी, मॉइनोरिटीस एवं आदिवासी-डोमा परिसंघ के चेयरमैन डा. उदित राज ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुजन समाज पार्टी का उत्थान अन्य दलों से भिन्न स्तर का रहा है। इसकी शुरुवात सामाजिक आंदोलन से हुई और बाद में राजनीतिक दल बसपा बना और अब इसका पूरी तरह से भाजपाकरण हो गया है। उन्होंने कांग्रेस को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा हितैषी बताते हुए कहा कि पिछले चार दशक से आरोप पर आरोप कांग्रेस पर लगाते गए, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने पलट कर जवाब नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को हिस्सेदारी दी और उसी को अंबेडकर विरा. धी और दलित विरोधी बताकर हमला बोला जाता रहा। अब जब बसपा का भाजपाकरण हो गया है, तो चुप बैठा नहीं रहा जा सकता। बसपा को गरीबों के खून पसीने से गठित पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि बसपा को जन्म और ताक़त देने वाले गरीब दलित और कर्मचारी थे। सामाजिक न्याय और समानता की सोच रखने वाले दलों तथा संगठनों के साथ कांग्रेस की हमेशा साहनुभूति रही है। इस आंदोलन से जुड़े हर समुदाय या दल के साथ कांग्रेस की सहानुभूति कुछ ज्यादा ही रही है। पिछले चार दशक से आरोप पर आरोप कांग्रेस पर लगाते गए लेकिन पार्टी ने पलट कर जवाब नहीं दिया। कांग्रेस ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को हिस्सेदारी दी और उसी को अंबेडकर विरोधी और दलित विरा. धी बताकर हमला बोला जाता रहा। अब जब बसपा का भाजपाकरण हो गया है, तो चुप बैठा नहीं रहा जा सकता।

## अर्थ व्यापार

# तरलता की घोषणा से बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई, वार्ता**



एशियाई बाजारों की तेजी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए इस महीने एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूति खरीदने की घोषणा से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.86 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत उछलकर करीब दो सप्ताह बाद 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,340.09 अंक पर पहुंच गया। पिछले लगातार दो दिनों में सेंसेक्स में 1350.16 अंक की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207.40 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह निवेशकों की बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश धारणा मजबूत रही। इससे मिडकैप 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,009.30 अंक और स्मॉलकैप 1. 63 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,265.29 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4103 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3006 में तेजी जबकि 990 में गिरावट रही, वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य 12 में बिकवाली हुई। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ नीति में बदलाव का भारतीय बाजार पर कोई विशेष प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर, ट्रंप कनाडा और मैक्सिको के साथ टैरिफ को लेकर समझौते की दिशा में बढ़ रहे हैं, जिससे वैश्विक बाजार में सकारात्मक संकेत देखने को मिल रहे हैं। आरबीआई ने घोषणा की है कि बैंलकग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए वह इस वर्ष 12 मार्च और 18 मार्च को दो अलग.अलग चरण में एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। साथ ही 24 मार्च को 10 अरब डॉलर/रुपए की खरीद/बिक्री स्वैप ऑक्शन करेगा।

## अर्थ व्यापार

### इको टूरिज्म और स्थानीय आजीविका पर ध्यान देगी सरकार: उमर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि सरकार बंगस को एक ऑफ-बीट गंतव्य के रूप में विक. सित करने की योजना बना रही है और पर्यटकों के लिए कुछ बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए धन आवंटित किया गया है, लेकिन धन का उपयोग वन मंजूरी से जुड़ा हुआ है जो क्षेत्र के नियोजित विकास के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री पिछले दो वर्षों में बंगस घाटी के विकास के लिए उपयोग किए गए धन के बारे में सदस्य शेख खुर्शीद द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। पर्यटन विभाग के प्रभारी मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री ने विधानसभा को सूचित किया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत आवंटन 30 लाख रुपए है, जिसमें से 24 लाख रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 80 रिंगिट चढ़कर 4749 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में अब...** उन्हें गोद ले लिया है, अब अपने बच्चे के प्रति मां गंगा का दुलार ही है कि वो आज खुद मुखवा गांव पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि वो हर्षिल की धरती पर आकर, अपनी दीदी भुलियों को भी याद कर रहे हैं, क्योंकि वो उन्हें हर्षिल की राजमा और अन्य लोकल प्रॉडक्ट भी भेजती रहती हैं। श्री मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले जब वो बाबा केदार के दर्शन के लिए आए थे, तो बाबा के दर्शन के बाद उनके मुंह से अचानक ही भाव प्रकट हुआ कि ये दशक उत्तराखंड का होने जा रहा है। ये भाव भले ही उनके थे, लेकिन इसके पीछे सामर्थ्य देने की शक्ति बाबा केदार की थी। अब बाबा के आशीर्वाद से ये शब्द धीरे-धीरे सच्चाई में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दशक अब उत्तराखंड का बन रहा है। उत्तराखंड की प्रगति के लिए, नए-नए रास्ते खुल रहे हैं, जिन आकांक्षाओं को लेकर उत्तराखंड का जन्म हुआ था, उत्तराखंड नित नए लक्ष्य और संकल्प लेते हुए, उन्हें पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने शीतकालीन तीर्थाटन-पर्यटन पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से उत्तराखंड की आर्थिक सामर्थ्य को साकार करने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इस अभिनव पहल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के लिए अपने टूरिज्म सेक्टर को बहुआयामी या बारामासी बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 365 दिन का पर्यटन जरूरी है। वो चाहते हैं कि उत्तराखंड में कोई भी पर्यटन सीजन ऑफ नहीं रहे, बल्कि हर सीजन में टूरिज्म ऑन रहे। श्री मोदी ने कहा कि अभी पहाड़ों पर मार्च से जून के बीच ही ज्यादातर पर्यटन आते हैं, जबकि इसके बाद पर्यटकों की संख्या बहुत कम हो जाती है। अभी सर्दियों के सीजन में होटल, रिजॉर्ट, होम स्टे खाली पड़े रहते हैं। ये असंतुलन साल के बड़े हिस्से में उत्तराखंड की आर्थिकी को सुस्त कर देता हैं। जबकि सच्चाई यह कि अगर देश- विदेश के लोग, सर्दियों में यहां आएं ,तो उन्हें सच्चे अर्थ में देवभूमि की आभा के दर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि विंटर टूरिज्म में यहां लोगों को ट्रैकिंग, स्कीइंग जैसी एक्टिविटी का रोमांच मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि धार्मिक यात्रा के लिए भी उत्तराखंड में सर्दियों का समय बेहद खास होता है। यहां इस समय कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट...** उसके लीज होल्डर थे। प्रशासन ने उस जगह को माफिया और राजनेता अतीक अहमद से जोड़ते हुए यह कार्रवाई की थी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया था कि वह भूमि नजूल लैंड थी। उसे सार्वजनिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। 1906 से जारी लीज 1996 में खत्म हो चुका था। याचिकाकर्ताओं ने लीज होल्ड को फ्री-होल्ड करने का आवे. दन दिया था। उन आवेदनों को 2015 और 2019 में खारिज किया जा चुका है। ऐसे में बुलडोजर कार्रवाई के जरिये अवैध कब्जे को हटाया गया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस. ओका और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच आनन-फानन में मकान गिरा दिए जाने को गलत कहा। जस्टिस ओका ने कहा कि क्या आपको पता है कि संविधान में अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) जैसा भी कुछ है? जिस तरह का यह मामला है, उसका एक समाधान यह हो सकता है कि हम सरकार के खर्च पर इन मकानों को दोबारा बनवाएं। 2 जजों की बेंच ने हाल ही में बुलडोजर एक्शन पर आए सुप्रीम कोर्ट के दूसरी बेंच के फैसले का हवाला दिया। उस फैसले में कहा गया था कि लोगों को पर्याप्त समय और कानूनी बचाव का मौका देने के बाद ही विध्वंस की कार्रवाई हो सकती है। यूपी सरकार के लिए पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए हाईकोर्ट भेजने का सुझाव दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इससे मना करते हुए 21 मार्च को अगली सुनवाई की बात कही।

### उप्र में 50 किमी की रफ्तार से चलीं पछुआ हवाओं से गिरा पारा

**लखनऊ।** यूपी में पिछले तीन दिन से चल रही पछुआ की रफ्तार बुधवार को 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को भी पार कर गई। हवा के असर से प्रदेशभर में बीते 24 घंटों में तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट आई है। साथ ही एक बार फिर से सुबह-शाम का मौसम सुहाना हो गया है। गुरुवार को भी प्रदेश में तेज हवा का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार से पछुआ की रफ्तार थमेगी, इसके बाद तापमान में बढ़त देखने को मिलेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उप्र में पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद पीछे खाली जगह भरने को चली पछुआ हवा की रफ्तार बुधवार को 51 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई। इसके असर से दिन के पारे में 4 से 6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार के बाद हवा की रफ्तार थमेगी और अगले तीन से चार दिनों में पारा जितना गिरा है, उतना चढ़ेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# देदवा गांव में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के सोफीपुर मार्ग पर देदवा गांव में स्थित एक अवैध कॉलोनी पर गुरुवार को एमडीए की टीम दो बुलडोजरों के साथ पहुंची और महज खाना पूर्ति कर वापिस लौट गई।



जिससे उनकी कार्यशैली पर अनेकों सवाल उठ रहे है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि एमडीए की टीम कार्यवाही के नाम पर भेदभाव कर रही है मतलब साफ है जिस कालोनाइजर से सैटिंग हो जाती है वहां कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है और जिस कालोनाइजर से चर्चा नहीं होती उसका भारी नुकसान कर दिया जाता है, अब टीम के इस भेदभाव पूर्ण रवैया की क्षेत्र में चर्चा जारी है। कुछ दिन पहले दौराला में लावड़ रोड पर एक कॉलोनी को टीम द्वारा पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया था जबकि कुछ कालोनाइजर से सैटिंग होने के बाद उन पर खाना पूर्ति की जा रही है। ऐसा ही एक मामला लावड़ क्षेत्र में देखने को मिला।

देदवा गांव में मुख्य मार्ग पर काली नदी के पुल के बराबर में बिना नक्शा पास कराए काटी जा रही एक अवैध कॉलोनी पर गुरुवार को राकेश राणा के नेतृत्व में पहुंची एमडीए की टीम द्वारा महज खानापूर्ति की गई यहां कार्यवाही के नाम पर केवल कॉलोनी के रास्ते की ईंटें ही उखाड़ी गई वो भी कुछ दूरी पर जबकि इस अवैध कॉलोनी में काफी निर्माण किया जा चुका है जिसे टीम द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया है। वहीं जिस समय टीम कार्यवाही कर रही थी उसी दौरान कालोनाइजर द्वारा उनके लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई जो चर्चा का विषय बना हुआ है टीम में शामिल कर्मचारी वहां जलपान करते हुए नजर आए।

### मीठेपुर मार्ग पर भी काटी जा रही अवैध कॉलोनी, कब होगी कार्यवाही

लावड़ कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर ग्रीन वैली मंडप के बराबर में भी बिना नक्शा पास कराए और बिना आबादी में दर्ज कराए एक अवैध कॉलोनी बड़े पैमाने पर काटी जा रही है। आखिर इस तरह धांधले बाजी कर लोगों की जेब पर कब तक डाका डाला जाएगा,ये बिल्डर बाहर से आकर ग्रामीण क्षेत्रों में भोली भाली जनता को अपना शिकार बना रहे है। ग्रामीण इन कॉलोनी में प्लॉट लेकर बाद में पछताते है बिल्डर तो प्लॉट बेचकर चले जाते है और जनता बिना बिजली पानी के तरस जाती है। ओर उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। कुछ लोगों का कहना है कि कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर काटी जा रही कॉलोनी के बिल्डर के अनुसार उनकी कॉलोनी पर भी खानापूर्ति के लिए एक बार बुलडोजर चलाया जाएगा। उसके बाद यहां पक्का रास्ता बनवाया जाएगा। साथ ही कुछ मकान भी उसके बाद बनाकर बेचे जाएंगे। सवाल ये उठता है कि आखिर मेडा की टीम द्वारा ऐसी अवैध कॉलोनियों पर निष्पक्ष कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है।

# जानी क्षेत्र में शराब पीने से बुजुर्ग की मौत

- मृतक गन्ना क्रय केन्द्र में करता था काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार की देर रात को थाना क्षेत्र के गांव कुसेडी में गन्ना केंद्र पर काम कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई जब दिन निकलते ही ग्रामीणों ने जाकर देखा तो बुजुर्ग मृत पड़ा था, तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के अनुसार बाली पुत्र सतपाल उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी कुसेडी जो गन्ना केंद्र पर काम करता था बुधवार की रात अचानक उसकी मौत हो गई जब सुबह कर्मचारियों ने व ग्रामीण ने आकर देखा तो वह मृत पड़ा था।



सूचना पाकर पहुंचे सिवाल खास चौकी इंचार्ज नरेश कुमार माहोर ने जांच पड़ताल करते हुए बताया कि बुजुर्ग शराब का आदी था ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग शराब रोज शराब पीता था पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग की मौत से लोगों में चर्चा है।

## सेंसोडाइन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 2025 कैंपेन की शुरुआत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंसोडाइन जो हेलियोन का एक जाना माना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बांटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि सेंसोडाइन में हमारा लक्ष्य लोगों को उनकी ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। महाकुंभ 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना आंकड़ों की बात नहीं है।

## एनसीआरटीसी ने पूरा किया फ्लाईओवर पर सड़क निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनसीआरटीसी ने मेरठ में मेवला फ्लाईओवर अतुल माहेश्वरी उपरिगामी सेतु पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया है। मेरठ में शॉप्रिक्स मॉल से बेगमपुल की तरफ जाते हुए मेवला फ्लाईओवर है, जिस पर उच्च गुणवत्ता की सड़क का निर्माण किया गया है।



अब यहां सुगमता से यातायात चल रहा है। हाल ही में मेवला फ्लाईओवर पर सड़क की स्थिति देखकर, स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस से सामंजस्य के साथ एनसीआरटीसी ने सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया था, जिसे तय समयसीमा में पूर्ण कर दिया गया है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सिविल निर्माण के दौरान एनसीआरटीसी समय-समय पर सड़कों का रख रखाव करती रही है। लोगों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सड़क का निर्माण कार्य सिर्फ रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच ही किया गया। ऐसे में न केवल तारकोल की कारपेटिंग की गई, बल्कि निर्माण से पहले मशीनों की मदद से सड़क की ऊपरी परत को उतारा गया। इसके बाद बिटूमिनस कारपेटिंग करते हुए उच्च गुणवत्ता की सड़क का निर्माण किया गया। अब लोगों को पहले से बेहतर सड़क इस्तेमाल करने को मिल रही है।

# सपा विधायक अबू आजमी का पुतला छीना

- विश्व हिंदू महासंघ भारत के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी चौराहे पर पुतला फूंकने का किया था प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व हिंदू महासंघ भारत के अध्यक्ष संदीप चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पर सपा विधायक अबू काजमी का विरोध किया है।



इस दौरान कार्यकर्ता कमिश्नरी चौराहे पर अबू आजमी का पुतला लेकर पहुंचे जिससे सिविल लाइन पुलिस ने छीन लिया इस दौरान संगठन महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को महान बताया है जिसका विश्व हिंदू महासंघ भारत विरोध करती है उन्होंने कहा कि अब वह आदमी औरंगजेब को महान बता रहे हैं और छत्रपति शिवाजी एवं संभाजी महाराज के अपमान का विरोध महासंघ शिक्षक और बुद्धिजीवी पर कड़े शब्दों में करता है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे व्यक्ति पर देशद्रोही का मुकदमा और देश से निकाला जाए। इस दौरान भूपेंद्र पंवार, अमन सिवाच, पंकज कुमार, आलोक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# गढ़ रोड मार्ग की दशा को सुधारने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छात्रों ने शहर की सड़कों का निर्माण व सड़कों के गड्ढे दुरुस्त करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग पर लगने वाली साप्ताहिक पेठों को हटाने की भी मांग की है। उनका कहना था कि ग्रामीण सड़कों का हाल पिछले कुछ वर्षों में मरम्मत का निर्माण कार्य न होने के कारण झज्जर हालत में है जिले के बाहरी भाग को जिले से जोड़ने वाले गढ़ रोड मार्ग की दशा तो बद से बदत्तर है जिस पर आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही है। फिलहाल भी दुर्घटना हुई है।

जिसके चलते कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं गढ़रोड मार्ग पर दुर्घटना में कई नौजवान युवक भी शामिल हैं उन्होंने मांग की है कि शहरों की स्थानीय सड़कों का निर्माण व गड्ढा मुक्त सड़के जल्द से जल्द बनाई जाए। साथ ही गढ़ रोड के निर्माण में विलंब न हो जिससे और अन्य जान बच सके। इसके अलावा उन्होंने मुख्य मार्ग पर लगने वाली साप्ताहिक पेठों का भी विरोध किया है।

## भारतीय किसान यूनियन किसान योद्धा के शाहिर राणा बने महानगर सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भारतीय किसान यूनियन किसान योद्धा के चौधरी शाहबाज त्यागी राष्ट्रीय प्रभारी के निर्देश पर सिवाल खास निवासी शाहिर राणा को मेरठ महानगर का सचिव मनोनीत किया है। वहीं उनके महानगर सचिव बनते ही कस्बा सिवालखास वासियों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। वहीं शाहिर राणा ने कहा कि केवल किसान भाइयों की समस्या के लिए हमेशा तैयार रहेंगे उन्होंने कहा कि वह किसान यूनियन किसान योद्धा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के और किसान यूनियन के हाथ मजबूत करेंगे और किसान भाइयों की हर सुख दुख में साथ खड़े रहेंगे।

# ऑपरेशन क्लीन में 18 सीज वाहनों की हुई नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** ऑपरेशन क्लीन के तहत थाने में आयोजित नीलामी में पुलिस ने 18 सीज वाहनों को नीलाम कर दी। सर्वोच्च बोली दाता के नाम नीलामी छोड़ी गई। कप्तान डॉ. विपिन ताडा द्वारा चलाये जा रहे वाहनो के विरूद्ध ऑपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत थाने में बुधवार को सीज वाहनों की नीलामी कराई गई। सहायक पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी देवेश चतुर्वेदी के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु कराई गई नीलामी में 33 ठेकेदार शामिल हुए। इस दौरान सीजशुदा 18 वाहनो की नीलामी सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनो के किए गए मुल्यांकन कीमत से अधिक राशि में नीलाम किया गया। नीलामी में 18 दुपहिया वाहन 72 हजार रुपए में नीलाम किए गए है। उपस्थित ठेकेदारों में सर्वोच्च बोली देने वाले आसिफ पुत्र नफीस निवासी खैरनगर थाना देहली गेट के नाम पर सार्वजनिक रूप से यह वाहनों की नीलामी की गई है।



# मेडिकल कॉलेज में चयनीत 142 एएनएम का प्रशिक्षण चार चरणों में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ मेडिकल कॉलेज से प्राप्त निर्देशानुसार के क्रम में जिले में 142 नवनियुक्त एएनएम का 12 दिवसीय आधारभूत अभि मुखीकरण प्रशिक्षण डॉ. अशोक कटारिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ, डॉ. कांति प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में चार बैचों में किया जाना है। प्रशिक्षण में यूपीटीएसयू द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण का प्रथम बैच 27 फरवरी 2025 से 10 मार्च 2025 तक सम्भागीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ मंडल, लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ में डॉ. पीपी सिंह, प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण में 6 दिन तकनीकी सत्र, पांच दिन का कौशल अभ्यास सत्र तथा एक दिवसीय क्षेत्र भ्रमण किया जाना है। नवनियुक्त एएनएम के पांच दिवसीय कौशल अभ्यास सत्र नर्सिंग महाविद्यालय लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ में किया जाना है।



प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मालिनी डेविड एनएमटी ने विशेष रूप से सुसज्जित अभ्यास कक्ष, नैदानिक कौशल, आदि के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रशिक्षण डॉ. विश्वास चौधरी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, 50 शैय्या चिकित्सालय किठौर, डॉ. प्रीत गिल, चिकित्सा अधिकारी अति प्रा स्वा केंद्र सैनी, बाबूराम अहलावत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एवं खुशबू चौधरी स्टाफ नर्स द्वारा दिया जाना है। इनके अतिरिक्त इल्मा अजीम, जिला मैटरनल हेल्थ कंसलटेंट, एवं जनपद प्रतिनिधि डॉ. अंकित चौधरी डीएसएस और शिव कुमार डीएससीएच यूपीटीएसयू द्वारा तकनीकी सहयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण में डब्लूएचओ, यूनिसेफ यूएनडीपी द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त अभिविन्यास कार्यक्रम में प्राचार्या नर्सिंग कॉलेज प्रो एस बालामणी बोस, डॉ. अंकित कुमार, खुशबू, डॉ. शिशिर प्रताप सिंह, डॉ. प्रीति आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने उपरोक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्राचार्या नर्सिंग कॉलेज मेडिकल कॉलेज मेरठ को शुभकामनाएं दी।

# नारीवादी आंदोलनों के लिए सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण साधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ, विवि स्टार्टअप कमेटी, लिंग संवेदीकरण प्रकोष्ठ एवं छात्र परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मनाए जा रहे साप्ताहिक कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत विश्व को आकार देने में उद्यमियों के रूप में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ महारानी लक्ष्मीबाई सभागार में कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, मुख्य वक्ता अधिवक्ता मोलश्री भटनागर, प्रसिद्ध लेखिका शर्मी अधिकारी, विश्वविद्यालय स्टार्टअप कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर.के.घई, महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की सचिव डॉ. अंशुल त्रिवेदी, लिंग संवेदीकरण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सारिका अभय, डॉ. जैस्मिन आनन्दाबाई, डॉ. राखी झा, डॉ. मंजू अधिकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम प्रभारी डॉ.वैभव गोयल भारतीय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डेन्टल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई।

मैनेजमेंट कॉलेज की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के विषय पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता अधिवक्ता मोलश्री भटनागर ने कार्यस्थल पर महिलाएं समान होते हुए भी भिन्न हैं, के विषय पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कानूनी प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन लैंगिक समानता के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान समाज में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दे रही हैं, लेकिन उन्हें कार्यस्थल पर भेदभाव और असमानता, समान वेतन, यौन उत्पीड़न, मातृत्व अवकाश, लैंगिक भेदभाव, और सुरक्षित कार्य वातावरण जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कानून में महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रावधान दिए गए है, जिन्हें जागरूकता के साथ अपनाने से महिलाएं प्रभावी रूप से सशक्त होंगी। उन्होंने छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके सवालों के जवाब भी दिए। प्रसिद्ध लेखिका शर्मी अधिकारी ने महिला सशक्तिकरण में सोशल मीडिया का प्रभाव के विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने व अपनी आवाज बुलन्द करने में सोशल मीडिया ने महत्वूपर्ण भूमिका निभाई है। भारत में नारीवादी आंदोलनों के लिए सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण साधन बनकर उभरा है, जो समर्थन जुटाने और लैंगिक हिंसा और यौन हिंसा जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा शुरू करने का अवसर देता है।

सोशल मीडिया ने महिलाओं को सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक समानता के रूप में सशक्त करने का कार्य किया है। आज फेसबुक, व्हाट्सऐप, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सहायक बन गए हैं। ज्ञापन विश्वविद्यालय महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की सचिव डॉ. अंशुल त्रिवेदी ने दिया। मंच का संचालन डॉ. निशा सिंह ने किया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विश्व. विद्यालय के सभी संकाय व विभाग की महिला पदाधिकारी, शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रही।

## पुजारी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में स्थित शिव बूढ़ा मंदिर में मध्य रात्रि दीवार फांदकर घुसे युवकों ने पुजारी के साथ मारपीट कर दी। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नामजद तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । इस दौरान कुछ लोग मंदिर का दरवाजा बंद देखकर उत्तेजित हो गए। आरोप है कि उन्होंने लात मारकर दरवाजे खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला।

# दिल्ली एक्सप्रेसवे पर बाइक लेकर गए तो कटेगा दो हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ दिल्ली एक्सप्रेसवे पर अब दो पहिया वाहनों का चलना मुश्किल होगा अगर कोई भी दो पहिया वाहन हाईवे पर चलता पाया गया तो उसे इनाम में 2000 का चालान मिलेगा।



हाईवे पर लगातार हो रही दो पहिया वाहनों की दुर्घटना की रोकथाम के लिए एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र सिंह ने नया नियम लागू कर दिया। उन्होंने आदेश जारी किए हैं कि हाईवे पर दो पहिया वाहन को अब बक्शा नहीं जाएगा। अगर कोई भी दोपहिया वाहन हाईवे पर चलता मिला तो उसका 2000 का चालान काटा जाएगा। अब तक लगभग कई दो पहिया वाहनों के चालान एसपी द्वारा काटे जा चुके हैं। वहीं बाइक सवार लोगों में इतने बढ़े चालान को लेकर दहशत है।

# भौतिक विज्ञान का पेपर रहा आसान परीक्षार्थियों के चेहरों पर खिली मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से जारी हैं। इसी क्रम में 6 मार्च को 12वीं कक्षा का फिजिक्स का पेपर दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक सम्पन्न हुआ। पेपर देकर परीक्षा केन्द्र से बाहर आये छात्र छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान साफ बता रही थी कि पेपर आसान रहा। जब अभ्यर्थियों से पेपर के बारे में जानकारी ली गई तो उनकी प्रतिक्रियायें साबित कर रही थी कि पेपर बेहद आसान रहा। इसके विपरीत कुछ छात्रों को कुछ प्रश्न कठिन भी लगे ,कुछ को पेपर औसत लगा। वहीं भौतिक शास्त्र के पेपर को लेकर महलका एजुकेशन सेन्टर के संचालक शहजाद नसीर से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि जिन स्टूडेन्टस के कॉन्सेप्ट क्लीयर थे, प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी स्ट्रांग थी, वे पेपर को आसानी से सॉल्व कर पाये। न्यूमेरिकल आसानी से वे ही छात्र कर सके जिन्होंने पूरे वर्ष इनका अभ्यास किया।



# मॉर्निंग वॉक पर गए युवक पर जानलेवा हमला, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** मध्य गंग नहर पटरी पर मॉर्निंग वॉक के लिए गए एक युवक पर एक नकाबपोश में धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया घायल को मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायल युवक रवि निवासी क्यूं बी ब्लॉक कॉलोनी का निवासी है। उसके पिता संजीव कुमार बेंद्रे ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार की प्रात लगभग छह बजे उसका पुत्र रवि मॉर्निंग वॉक करता हुआ मध्य केंद्र नहर पटरी से शनि मंदिर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह कुछ दूर चला तो पीछे से एक नकाबपोश व्यक्ति पैदल ही आया और उसने धारदार हथियार से उसके पुत्र रवि की गर्दन पर वार कर दिया जिसमें वह घायल हो गया फिलहाल घायल का इलाज मेरठ के निजी अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आरोपी को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी की तलाश कराई जा रही है। वहीं परिवार के लोगों में दहशत है।



# यातायात के नियमों के पालन से रुकेंगी दुर्घटनाएं

### जेएस डिग्री कालेज में युवा महोत्सव में कार्यशाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज के द्वितीय युवा महोत्सव के चौथे दिन काव्य पाठ व मुशायरे का आयोजन किया गया।

महोत्सव को संबोधित करते विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सत्यवृत सिंह रावत ने कहा कि युवाओं की समझदारी देश व समाज को आग ले जाने के लिए जरूरी हैं उन्होने विद्यार्थियों से यातायात के नियमों का पालन करने की सीख दी। सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी महेशचंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि सड़क सुरक्षा को महत्व दें तथा वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करें। नशे की हालत में कभी वाहन न चलाये। दोपहिया वाहन पर हेलमैट का प्रयोग करें। जबकि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट जरूरी लगायें। प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव एक संस्कृति ही नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता का महोत्सव है। उन्होने छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। समाजसेवी अनिल जग्गा ने कहा कि छात्र छात्राएं अपने साथ बड़ों को भी यातायात के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में यातायात की शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर डा. नवनीत विश्नोई, डा. प्रदीप कुमार, डा. ज्ञानेन्द्र सिंह, डा. बब्लू सिंह, डा. रश्मि गुप्ता, डा. रणदेव सिंह, डा. मनमोहन, डा. अरविंद कुमार मौजूद रहे। सभी प्रतियोगिताओं का परिणाम आठ मार्च को घोषित किया जायेगा।

# सूची हासिल करने को काट रहे पंचायत के चक्कर

### सभासद वारे के न्यारे करने के फिराक में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लिए आवेदन करने वालों की सूची हासिल करने के लिए सभासद लगातार नगर पंचायत के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। ताकि सूची मिलते ही वह आवेदनकर्ताओं से अवैध वसूली का कार्य शुरू कर सकें।

**■ प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का मामला**

बताते चलें कि नगर पंचायत से 246 आवेदनकर्ताओं ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने निकायों व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि इस सूची को कोई भी सार्वजनिक नहीं करेगी तथा न ही किसी सभासद व जनप्रतिनिधि को मुहैया करायेगा। इस सबके बावजूद नगर पंचायत के सभासद आवेदन सूची हासिल करने के लिए लगातार दफ्तर के चक्कर लगाकर कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि सभासद ऑनलाइन की गयी सूची को हासिल कर आवेदनकर्ताओं से सम्पर्क साध उनके आवास स्वीकृत कराने की गारंटी देकर उनसे 10 से 15 हजार रूपये की वसूली की तैयारी कर रहे हैं। ज्यादातर सभासद इस खेल में शामिल हैं। सपा के समर्थन से चुनाव जीता एक सभासद दिन में कई बार नगर पंचायत दफ्तर के चक्कर लगाकर कर्मचारियों से सूची मुहैया कराने की मांग कर रहा है। कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद ने बताया कि शासन के आदेश हैं कि आवेदनकर्ताओं की ऑनलाइन सूची को लीक नहीं किया जायेगा।

# चाईनीज सामग्री के प्रयोग से करें तौबा

**रहरा।** ग्राम भदौरा में शिवमन्दिर पर आगामी होली के त्यौहार के उपलक्ष्य में राष्ट्र सेवी संगठन द्वारा चलाए जा रहे जनजागरुकता अभियान को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। होली के त्यौहार को शान्ति पूर्वक मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। गुरुवार को राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि होली का त्यौहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होली के दिन गले मिलकर परस्पर गिले शिकवे दूर और सामाजिक मतभेद दूर किए जाते हैं। मिलावटी और चाइनीज सामग्री का प्रयोग कदापि न करें। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सोनवीर सिंह, सुखदेव शर्मा, दिनेश सिद्धार्थ, अशोक शर्मा, कृष्णौतर शर्मा, रामवतार शर्मा, नरेंद्र सिंह, भगवंत सिंह, विनोद कुमार, सत्यप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने बाइक सवार युवक पीटा

### दुकान बंद कर घर लौट रहा था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जूते की दुकान बंद कर घर लौट रहे दुकान स्वामी के साथ बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूट की घटना का नाकाम प्रयास किया। झल्लाये बदमाश युवक की पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है।

कोतवाली इलाके के गांव आलमपुर निवासी विकास पुत्र लाला सिंह नगर के अमरोहा अड्डे पर अपने जूते की दुकान चलाते हैं। प्रतिदिन की भांति वह बुधवार की शाम दुकान बंद कर अपने घर बाइक से लौट रहे थे। इस दौरान जैसी ही उनकी बाइक नई तहसील के पीछे पहुंची तो अचानक बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनकी बाइक में लात मार गिरा दिया। इसके बाद बदमाशों ने उनकी बाइक पर रखा थैला लूटने का प्रयास किया। लेकिन विकास ने अंधेरे के चलते थैला खंदक में फेंक दिया। बदमाशों ने युवक की जगह में रखा मोबाइल छीन लिया। जब बदमाशों को माल नही मिला तो बदमाशों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बदमाश जाते-जाते मोबाइल को रास्ते में फेंक कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गई। जूता व्यापारी ने नोटों से भरे थैले को खंदक में फेंक कर लूट होने से आपने आप को बचा लिया। गुरुवार को पीड़ित युवक कोतवाली पहुंचा और कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह को पूरे घटनाक्रम की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# जेई पर हिन्दू मौहल्लों में चैकिंग का आरोप

### अधीक्षण अभियंता से की निलम्बन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भाजपाईयों ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर अवर अभियंता को निलम्बित किये जाने की मांग की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सैनी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा तथा उनसे शिकायत दर्ज करायी कि विद्युत वितरण खण्ड शहर के 99 बिजलीघर पर तैनात जूनियर इंजीनियर अजय गोपाल हिन्दू मौहल्लों में बिजली चैकिंग करते हैं वह शराब के नशे में हर समय टुन रहते हैं। उनका व्यवहार भी उपभोक्ताओं से बेहद खराब है। समय समय पर कार्य स्थल पर उपस्थित न होकर अपने दायित्वों का निवर्हन नहीं करते तथा प्राइवेट कर्मियों से अवैध वसूली करवाते हैं। उन्होने अधीक्षण अभियंता से अवर अभियंता विद्युत को निलम्बित किये जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश आर्य, जयगोपाल, राजदीप शुक्ला, देशराज गोले, आकाश रस्तौगी, ऋषि चौहान, अजय सैनी, नितिन गोले, मोहम्मद सुहैल आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते भाजपाई।

# सिपाहियों ने नशे में होटल संचालक को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पुलिसकर्मियों की दबंगई का मामला सामने आया है। यूपी और दिल्ली पुलिस के दो सिपाहियों ने शराब के नशे में एक होटल मालिक की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना 23 फरवरी की रात साढ़े ग्यारह बजे की है। सिकंद. राबाद कोतवाली क्षेत्र के बायपास पर स्थित कार में चार लोग सवार थे। सभी शराब पीकर नशे में थे। इनमें से दो यूपी और दिल्ली पुलिस के सिपाही थे। कार के टकराने को लेकर शुरू हुआ विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया। होटल संचालक ने कार सवारों को समझाने की कोशिश की। लेकिन वे नहीं माने और उन्होंने होटल संच. ालक पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और ईंटों से होटल संचालक की पिटाई की। जान बचाकर भाग रहे संचालक को दौड़ा-दौड़ाकर मारा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जांच में सामने आया कि आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक का नाम शीतल है, जो यूपी पुलिस में मेरठ में तैनात है। दूसरा आरोपी दिल्ली पुलिस का सिपाही विवेक कुमार है। दोनों आरोपी गांव भटौना और कैथाला के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामले में अज्ञात चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। दिल्ली और यूपी पुलिस के सिपाहियों ने अपने साथियों के साथ होटल संचालक की बेरहमी से पिटाई की। सोशल मीडिया पर आया वीडियो बर्बरता की कहानी को बयां कर रही है। वायरल वीडियो में दो युवक दिख रहे हैं जो ढाबा संचालक के सिर, पीठ और टांगों पर लाठी और ईंटों से जानलेवा वार कर रहे हैं। संचालक किसी तरह जान बचाकर भागता है, तब भी उनको रहम नहीं आता। बताया कि ढाबा संचालक के सिर पर एक दर्जन से अधिक टांके आये हैं। उनकी आंख समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गम्भीर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। घायल होटल संच. ालक अपने परिजनों के साथ एसपी सिटी के दफ्तर पहुंचा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। डीएसपी पूर्णिमा सिंह ने बताया कि पीड़ित की पत्नी ने 4 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। अब तक की जांच में दो हमलावर यूपी और दिल्ली पुलिस में तैनात बताए जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। बाकी दो आरोपियों की पहचान का प्रयास भी पुलिस टीम कर रही है।

# तिगरी में पर्यटन विकास हेतु पर्यटन मंत्री से मिले विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** धनौरा विधायक राजीव तरारा ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से भेंट कर क्षेत्र के महत्वपूर्ण पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों के विकास को लेकर आग्रह किया। इस दौरान विधायक ने तिगरी के पर्यटन विकास की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया, जिससे इस ऐतिहासिक स्थल को और अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाया जा सके। साथ ही, धनौरा के रामलीला ग्राउंड का उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण किए जाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की, जिससे स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिल सके। विधायक श्री तरारा ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को धनौरा के पत्थर कुटी पर पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि ये कार्य न केवल क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देंगे बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र के विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और पर्यटन मंत्री से इन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया। विधायक ने बताया कि पर्यटन मंत्री ने उन्हें उठाई गईं मांगो को शीघ्र पूरा करने के प्रति आश्वस्त किया है।

# त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं

### कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाया जाये। गड़बड़ी फैलाने वालों की सूचना अधिकारियों को दी जाये।

गुरुवार को अमन कमेटी की बैठक का आयोजन कोतवाली के प्रांगण में किया गया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने शहर के जिम्मेदार लोगों से कहा त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाये। प्यार मोहब्बत अमन शांति स्थापित करने के लिए सभी लोग एक साथ मिलकर चलें। एसडीएम ने मौजूद लोगों से सुझाव पूछते हुए प्रशासन के सहयोग का आश्वासन दिया। सीओ दीप कुमार पंत ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाये। यदि कहीं पर कोई गड़बड़ी नजर आये। तो उसकी सूचना तत्काल अधिकारियों को दी जाये। नई परंपरा को न डाला जाये। पालिकाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने कहा कि नगर पालिका द्वारा जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करने दिया जायेगा। त्योहारों पर साफ सफाई रखी जा रही है पानी की भरपूर व्यवस्था पालिका द्वारा कि गई है। पालिका का प्रयास है कि जनता परेशान ना हो। पूर्व वाइस चेयरमैन चमन अंसारी ने कहा 14 मार्च को रंग की होली खेली जायेगी। जो लोग रंग डलवाने से बचते हैं वह परहेज करें। गंगा जमुना तहजीब के साथ सभी लोग त्योहार को मनाये। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता, शाहनवाज अंसारी, हमजा अली, मयंक अग्रवाल, जावेद जरताब, संदीप अग्रवाल, मो. हसिन खान, योगेंद्र शर्मा, मोनिश अंसारी, राकेश अग्रवाल, हाफिज नूर मोहम्मद, नसीम अहमद प्रधान आदि मौजूद थे।

# खाद्य विभाग की टीम ने कई स्थानों पर की छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** होली के त्यौहार के द्रष्टिगत जिलाधिकारी के आदेश अनुसार खाद्य विभाग की टीम ने गजरौला के कई स्थानों पर खाने पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता जांचने हेतु छापेमारी की। कई स्थानों पर नमूने भी भरे गए। खाद्य अधिकारियों ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा है कि वे मिलावटी सामान न बेचें, क्योंकि यह सामान खाकर लोगों को स्वास्थ्य संबधी समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। कहा कि होली पर्व पर गुणवत्तापूर्ण खोया, पनीर, दूध आदि की बिक्री करें, यदि किसी के पास दूषित, मिलावटी सामान पाया जाता है तो उसके नमूने भरने के बाद जांच के लिये भेजा जाएगा। इतना ही नहीं उसके विरूद्ध उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम के अधिकारी विनय अग्रवाल, हरेंद्र सिंह, कुलदीप दीक्षित, अरविंद कुमार, विपिन कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**■ होली पर्व पर दूषित सामान मिलने पर होगी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

SHRIRAM Finance

SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

## श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट) मुम्बई-400 051, **फोन:** 022 4241 0400, 022 4060 3100; **वेबसाईट:** http://www.shriramfinance.in, **पंजीकृत कार्यालय:** श्री टॉवर्स, प्लॉट नं. 14ए, साऊथ फेज औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई- 600032, **शाखा कार्यालय:** 606 ई, छ:वॉं तल प्लॉट/ब्लॉक नं.109, कॉपोरेट पार्क, संजय प्लेस, आगरा, उत्तर प्रदेश 282002

**परिशिष्ठ-IV-A** (नियम 8(6) और 9(1) का प्रावधान देखें) **अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30-11-2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**
आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर/ओं को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (पहले श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास गिरवी रखा गया था। जिसका भौतिक कब्जा श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, ई-नीलामी में **''जैसा है जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 25-मार्च-2025 प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे** के बीच बेचा जाएगा। जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है, उधारकर्ताओं और जमानतदारों से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और भार, उसके बारे में जानें, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना जमा और वेतन वृद्धि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गयारंटरों/ बंधककर्ता के नाम | 13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं. RSAGRTF2009040002<br>1. मैसर्स जुगल किशोर नवल किशोर (उधारकर्ता) पता- सौंख रोड मंडी चौराहा के पास, हाईवे प्लाजा के सामने, मथुरा-281001<br>2. मैसर्स वृंदाबन स्टील (सह-उधारकर्ता/गारंटर) पता- सौंख रोड मंडी चौराहा के पास, हाईवे प्लाजा के सामने, मथुरा-281001<br>3. श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पुत्र दाऊ दयाल अग्रवाल (सह-उधारकर्ता/गारंटर)<br>4. श्रीमती मोहनी अग्रवाल पत्नी ओम प्रकाश अग्रवाल (सह-उधारकर्ता/गारंटर)<br>5. श्री प्रतीक अग्रवाल पुत्र ओम प्रकाश अग्रवाल (सह-उधारकर्ता/गारंटर) उपरोक्त नंबर. 3 से 5 पक्ष पता-डी-31, राधा पुरम एनएच-2, मथुरा-281001<br>एनपीए की तिथि: 04 दिसम्बर 2022<br>कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार<br>24-अप्रैल-2023 सांकेतिक कब्जा<br>ज्ञात ऋण भार ज्ञात नहीं | डिमांट की सूचना तिथि:- 06-फरवरी-2023 को रु.2169897/- (रू. इक्कीस लाख उनहत्तर हज़ार आठ सौ सत्तानवे मात्र) अग्रिम ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ दिनांक 21-01-2023 को फोरक्लोज़र राशि के अनुसार | रू. 3,76,20,000/- (रूपये तीन करोड़ छिहत्तर लाख बीस हज़ार मात्र)<br>बोली वृद्धि: रू. 25,000/- और ऐसे गुणकों में<br>जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रू.)<br>रू. 37,62,000/- (रूपये सैंतीस लाख बासठ हज़ार मात्र)<br>ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक: 24 मार्च 2025 समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे | ईएमडी राशि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में नीचे उल्लिखित खाता विवरण में आरटीईएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जाएगी।<br>बैंक का नाम- एक्सिस बैंक लिमिटेड<br>शाखा - डॉ. राधा कृष्णन सलाई, मायलापुर, चेन्नई -600004<br>बैंक खाता सं.- चालू खाता नं. 006010200067449<br>IFSC CODE- UTIB0000006 | 25 मार्च 2025<br>समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | सुरेन्द्र शेखायत 8385906610<br>हिमाशु 9999750481<br>देवज्योति 7017849908<br>सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 16 मार्च 2025 समय सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक |

**सम्पत्ति का विवरण**

यह सभी भाग और पार्सल पर आराजी खसरा नंबर 1584 (पुराना) नया खसरा नंबर 631, मिंजुमाला चक, नंबर 86, मौजा मथुरा बांगर, मथुरा (यूपी). क्षेत्रफल 2732.08 वर्ग गज।
उक्त सीमाऐं: - पूर्व:-ब्रजवासी उद्योग की भूमि, पश्चिम:-रास्ता, उत्तर-हैप्पी गार्डन और संपत्ति मालिक, दक्षिण-ब्रजवासी उद्योग की संपत्ति,

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिन का नोटिस**
उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटरों को ई-नीलामी की तारीख यानी 25 मार्च 2025 से पहले दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बेची जाएगी और शेष राशि का भुगतान किया जाएगा, और बकाया यदि कोई हो, तो ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।
**प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी SAMIL की बेवसाइट https://eauctions.samil.in पर आयोजित की जाएगी और निविदा जमा करने के स्थान के लिए/ बोली प्रपत्र प्राप्त करने/निविदा खोलने और नीलामी के लिए, कृपया वेबसाइट https://eauctions.samil.in पर जाएं और बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया लिंक http://www.shriramfinance.in/auction देखे अन्यथा श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।**

स्थान:- मथुरा
दिनांक:- 07.01.2025

हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।

# कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने किया आत्मदाह का प्रयास

## पुलिस ने पीड़ितों से छीनी पेट्रोल की बोतल, जिलाधिकारी ने सुनी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लड़की के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर लड़की के परि. जनों के हमलारोपियों के विरूद्ध कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार में रोष व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने कार्रवाई की मांग को लेकर कलक्ट्रेट के सामने हाइवे पर धरना दिया। इस दौरान आत्मदाह करने के लिए पीड़ित पेट्रोल की बोतल भी अपने साथ लेकर आए थे। पीड़ित परिवार आत्मदाह का प्रयास करते इससे पहले ही पुलिस ने उनसे पेट्रोल की बोतल पीड़ित परिवार से छीन ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने पीडितों की समस्या सुनी और आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने का आश्वारसन दिया।

बडौत के एक परिवार का आरोप है कि उनकी पुत्री के साथ उनके परिवार के ही एक युवक ने छेड़छाड़ की थी। आरोप है कि छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरो. पियों ने पीड़ित परिवार पर हमला कर दिया था, जिससे लड़की, लडकी का पिता व मां घायल हो गए थे। पीड़ितों ने आरोपियों के विरूद्ध बडौत कोतवाली में तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिस ने आरो. पियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की। आरोप है कि एसपी कार्यालय में शिकायत करने पर भी पुलिस ने आरो. पियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की। पीड़ितों का आरोप है कि वह लगातार एसपी कार्यालय व थाने के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। गुरूवार को आरो. पियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने कलक्ट्रेट के सामने हाईवे पर धरना दिया। इस दौरान आत्मदाह करने के लिए पीड़ित पेट्रोल की बोतल भी अपने साथ लेकर आए थे लेकिन आत्मदाह का प्रयास करने से पहले ही पुलिस ने उनसे बोतल छीन ली। इसके बाद जिलाधिकारी अस्मितालाल ने पीड़ित परिवार की समस्या सुनी और उन्हें आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने का आश्वा. सन दिया।



# पिलर से बाइक टकराने पर बीएसएफ के जवान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधावार की देर रात मेरठ-बागपत हाईवे पर ग्रीन एक्सप्रेसवे कारीडोर के पिलर से बाइक टकरा जाने से एक बीएसएफ के जवान की मौत हो गई। सूमना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिल जाने के बाद परिवार में शोक की लहर दौड गई।

थाना चांदीनगर क्षेत्र के गांव सांकलपुट्ठी निवासी सुनील पुत्र सत्यपाल बीएसएफ का जवान है। वर्तमान में उसकी नियुक्ति पश्चिमी बंगाल में है। वह गत 1 मार्च को छुट्टी लेकर घर आया था। बताया गया है कि गत बुधवार को वह अपने चचेरे भाई के सगाई समारोह में शामिल होने के बाद बागपत से बाइक से अपने गांव वापस जा रहा था। बताया गया है कि मेरठ-बागपत हाईवक पर ग्रीन एक्सप्रेस कारीडोर के निकट अनियंत्रित होर उसकी बाइक कारीडोर के सीमेंट के पिलर से टकरा गई जिससे जवान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरनेके बाद पोस्टमार्टम के किलए भेज दिया है।



मृतक सुनील का फाइल फोटो

# दुष्कर्म के आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना बडौत क्षेत्र के एक गांव में पडौसी युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। शौर मचाने पर आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की और इस संबंध में शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धामकी दी। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के विरूद्ध बोहला पुलिस चौकी पर शिकायत की थी। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही है।

किशोरी के पिता के अनुसार वह काम पर गए हुए थे। घर पर उनकी नाबालिग पुत्री अकेली थी। आरोप है कि इस दौरान पडौसी युवक ने घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया। किशोरी के शौर मचाने पर आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की और इस संबंध में कही शिकायत करने पर पीड़िता को जान से मारने की धामकी दी। इस संबंध में पीडिता पीडिता के पिता ने बोहला पुलिस चौकी पर शिकायत की थी। आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में एसपी कार्यलय में एक शिकायती पत्र देते हुए आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

[redacted]

# आशीष आत्महत्या के मामले में समझौता का दबाव व धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बसौद के आशीष आत्महत्या के मामले में समझौता का दबाव बनाते हुए धमकी देने का आरोप। पीड़ित परिजनों ने आरो. पितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी से गुहार लगाई।

गुरुवार को करीब साढे 11 बजे बसौद गांव के मनीष कुमार के मुता. बिक उनकी मां शकुंतला देवी के नाम सरकारी सस्ता गल्ले की दुकान है। दुकान भाई आशीष देखता है। गत 21 फरवरी की रात भाई आशीष ने घर में पंखे पर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। 22 फरवरी की शाम घर के मंदिर में सुसाइड नोट मिला था। इसमें आशीष ने अपनी मौत के जिम्मेदार पांच व्यक्ति इस्लामू, तारे, सरफराज, महबूब और कुलदीप निवासी मेवला को दर्शाया है। सुसाइड नोट के आधार पर थाना सिंघावली अहीर में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि आशीष आत्महत्या के मामले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने परिवार के 30 सदस्यों ने गांव से भी पलायन किया। आरोप है कि आरो. पित पक्ष लगातार केस में समझौता का दबाव बना रहे है। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने परिवार के साथ एसपी दफ्तर बागपत पहुंचकर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को एसपी से गुहार लगाई।



## एक नजर

### साप्ताहिक बंदी का डीएम ने किया आदेश जारी

**बागपत।** जनपद में साप्ताहिक बंदी का दिन सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया जिसके अनुसार बागपत नगर पालि. का क्षेत्र में साप्ताहिक बंदी का दिन शुक्रवार, अग्रवाल मंडी ततेरी व अमीनगर सराय नगर पंचायत में साप्ताहिक बंदी का दिन मंगलवार, बड़ौत व खेकड़ा नगर पालिका परिषद में साप्ताहिक बंदी का दिन बुधवार तथा नगर पंचायत छपरौली में साप्ताहिक बंदी का दिन शुक्रवार निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी सेवायोजको को निर्देशित किया कि साप्ताहिक बंदी के दिन सभी सेवायोजक अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। कहा कि यदि कोई भी सेवा योजक अधिष्ठानों अधिनियम 1962 के तो अवधारणा का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरोध नियम अनुसार करवाई वाई की जाएगी।

### ईओ से शिकायत कर की पुलिया ठीक कराने की मांग

**बागपत।** नगर में मैन रोड़ की पुलिया ठीक कराने को लेकर लोगों ने नगरपालिका ईओ से शिकायत कर समस्या का जल्द समाधान किए जाने की मांग की है। गुरुवार को मौहल्ला देशराज निवासी तस्लीम युवा सदर ने ईओ से शिकायत करते हुए बताया कि घनश्याम दास मार्ग पर सुधीर फैक्ट्री के पास पुलिया टूटी पड़ी है जिस कारण यहां कई बाइक सवार घायल हो चूके है। बताया गया कि पुलिया को टूटे हुए काफी दिन हो चूका है लेकिन पुलिया को अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। इस दौरान लोगो ने ईओ से पुलिया को जल्द ठीक कराने की मांग की है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**बडौत।** जनता वेदिक कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य डा.वीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डा.मदनपाल सिंह, वार्ड नंबर 23 के सदस्य रमेश शर्मा, दयानंद बाल विद्या मंदिर के अध्यक्ष डा.ओमवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार आर्य, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा.दीपी सिंह तोमर, रसायन विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा.उमेंद्र कुमार, सांख्यिकी विभाग के डा. राजीव बालियान , राष्ट्रीय सेवा योजना चतुर्थ इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा.इंदु भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और NS सस्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। पूरे कार्यक्रम का संचालन श्रृष्टि, मेघा, प्रेरणा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ की गई और अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट किया गया। शिविर के सात दिनों में NS स्वयंसेविकाओं ने विविध सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं, जिसमें सात दिन की गतिविधियों पर सिमरन द्वारा रिपोर्ट बताई गई। इसमें गीत, नृत्य सोलो और डुएट, नुक्कड़ नाटक एसीड अटैक, कंजूस पंडित, शिक्षा, मां और पर्यावरण पर कविता एवं सात दिवसीय शिविर के अनुभव साझा किए गए। इसके बाद स्वयंसे. विकाओं ने भारत के विभिन्न राज्यों के परिधान में रैंप वॉक के माध्यम से भारत की विविधता का प्रदर्शन किया।

# शिक्षा विभाग को 60 करोड़ रुपए की राशि करनी पड़ी स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** उ.प्र.मा.शि.संघ के संरक्षक मण्डल के प्रदेशीय सदस्य स्वराज पाल दुहूण ने एक प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संगठन की कडाई रंग लाई तथा एक अरब तीन करोड़ की राशि में से मात्र 8 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बैक पुट पर आते हुए 60 करोड़ रुपए की राशि जनपद बागपत के लिए स्वीकृत करनी पड़ी।

बताते चलें कि जब जनपद बागपत मेरठ जनपद से अलग हुआ तभी से जनपद बागपत के शिक्षकों शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की जीपीएफ की एक अरब तीन करोड़ पांच लाख छियानवे हज़ार तीन सौ तीन रुपये की राशि मेरठ जनपद के कोषागार में ही पड़ी थी जिसे जनपद बागपत में स्थानांतरित नही किया गया था जिसके कारण जनपद बागपत के शिक्षकों शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को जीपीएफ से राशि प्राप्त करने के लाले पड़ गए थे न तो सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर उनका जीपीएफ का भुगतान हो पा रहा था और न ही किसी को शादी विवाह अथवा बीमारी आदि में जीपीएफ से ऋण ही मिल पा रहा था। उ.मा.शि.संघ जनपद बागपत ईकाई के निरंतर कठोर संघर्ष के फलस्वरूप इस राशि को मेरठ से स्थानांतरित किए जाने की कार्रवाई प्रारंभ हो पाई। इस पर भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मात्र 8 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर जनपद बागपत के शिक्षकों को पुन: भटकाने का प्रयास किया। किन्तु संगठन के कड़े रुख के कारण 8 करोड़ रुपए का निर्णय 60 करोड़ रुपए में बदलने को विवश होना पड़ा, जिससे जनपद बागपत के शिक्षकों को 60 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हो पाई। दुहूण ने बताया कि शेष 43 करोड़ रुपए की राशि के लिए संघर्ष जारी है। उसे भी यथा शीघ्र प्राप्त कर सदैव के लिए जनपद बागपत के शिक्षकों शिक्षिकाओं और कर्मचारियों की जीपीएफ की समस्या का निवारण करा दिया जावेगा।



# सपा ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये के दिए चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल बड़ौत पंहुचा। जहाँ उन्होंने हादसे मे अपनी जान गवाने वाले मृतको के परिजनों को दो-दो लाख रूपये के चेक सोपे। प्रतिनिधि मंडल मे मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक, सरधना विधायक अतुल प्रधान, सपा राष्ट्रीय सचिव अर्पणा जैन, जिलाध्यक्ष रविंद्र देव, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, पूर्व राज्यमंत्री तराबुद्दीन, वरिष्ठ नेता संदीप भारद्वाज,बडोत नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद विनोद कुमार उर्फ निटु, मनोज चौधरी, शालिनी राकेश, ललित जैन, नवीन जैन आदि मौजूद थे।

दरअसल आपको बता दे कि बीती 28 जनवरी को बड़ौत के मानस्तम्भ परिसर मे लड्डू महोत्सव के दौरान लकड़ी का मचान गिरने से 9 लोगो की मौत हो गई थी जबकि 50 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका उपचार आज भी अलग अलग अस्पतालो मे चल रहा है। घटना के बाद जैन समाज का प्रतिनिधि मंडल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिला था। जिसके बाद अखिलेश यादव ने एक प्रतिनिधि मंडल घटना स्थल पर पहुंचा था और एक रिपोर्ट तैयार कर सपा सुप्रीमो को सोपी थी। रिपोर्ट के बाद अखिलेश यादव ने मृतको के परिजनों को दो-दो लाख रूपये की घोषणा की थी। आज प्रतिनिधि मंडल ने बड़ौत पहुंचकर मृतको के परिजनों को दो दो लाख रूपये के चेक सौपे।



# सगे भाई से लाखों रुपये की सुपारी लेकर की गई थी साजिद की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तहसील के थाना रमाला गांव के रहने वाले साजिद की उसके बड़े भाई कासिम ने अपने दोस्तों को लाखों रुपये की सुपारी देकर हत्या करा दी। बाद में साजिद के शव को अपने दोस्त के खेत में कुएं में फेंक दिया तथा मिट्टी से दबवाते रहे। बेटे के गायब होने की सूचना पर थाना पुलिस ने एक युवक से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर बुधवार देर शाम शव को कुए से बरामद कर लिया।

बता दें कि, साजिद ईंट भट्टों पर चिमनी बनाने का मिस्त्री था, जो18 फरवरी को घर से गया था, काी तलाशी के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला था। बाद में उसकी माँ सबीला ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दो दिन पहले थाने में दर्ज कराई थी तथा बेटे की हत्या होने की आशंका भी जताई थी। पुलिस ने साजिद के लापता होने से पहले उसके साथ देखे गए शुभम् निवासी रोहटा जिला मेरठ से पूछताछ की, तो उसने साजिद की हत्या की सच्चाई बयां करते हुए बताया कि, साजिद को रमाला निवासी विकुल के साथ उसके खेत में नलकूप पर ले जाकर पहले शराब पिलाई और फिर कमर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद विकुल के नलकूप पर स्थित कुएं में उसका शव फेंककर मिट्टी डालकर दबा दिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने कुए में खोदाई कराई तथा साजिद का शव बरामद किया। पूछताछ में शुभम ने यह भी बताया कि, उसकी रमाला में रिश्तेदारी है और उसकी विकुल व कासिम से दोस्ती है। साजिद की हत्या के लिए कासिम ने उनसे 6 लाख रुपये सुपारी के तय किए थे। इसबीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि, विकुल व कासिम की तलाश में पुलिस लगी हुई है, उनको भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**प्लाट बना हत्या का कारण, कुएं को** 15 **फुट मिट्टी से भर दिया,** बताया गया कि, याची सबीला के तीन बेटे हैं, जिनमें सबसे बड़ा कासिम मास्टर, साजिद दूसरे नंबर और साबिद तीसरे नंबर का है।इनमें सबसे छोटे बेटे साबिद के नाम शामली में एक प्लॉट है, जिसे कासिम अपने नाम कराना चाहता था,जबकि साबिद उस प्लॉट को साजिद के नाम करने की बात कहता था। इसका कासिम विरोध करता रहता था। इस बात को लेकर कासिम ने साजिद को मरवाने की धमकी भी दी थी। विकुल ने अपने रिश्तेदार शुभम निवासी रोहटा के साथ मिलकर हत्या का षड्यंत्र रचा। बताया कि,हत्या के बाद शव को कुएं में डालने के बाद रोजाना उसमें मिट्टी डालते हुए करीब 15 फुट तक भर दिया गया था। बताया कि, हत्या के बाद उसका शव कुएं में फेंकने के बाद पहले गन्ने की पत्ती डाली गई और ि़र रोजाना मिट्टी डाली जाती रही। यह काम हत्यारोपी विकुल और उसके साथी रोजाना करते थे ,अभी तक कुएं को 15 ़ुट भर दिया गया था। शव बरामदगी कू दौरान 15 फुट से गहरी खोदाई करनी पड़ी।




# युवा शक्ति के सफाई अभियान ने जनांदोलन का लिया रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल निवाड़ा द्वारा एक वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भी सफाई अभियान जारी रहा। इस अभियान के लिए युवाओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया और गांव में लगे गंदगी के अंबार को खत्म करने के लिए काम किया।

युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन ने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया और उन्हें सफाई के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और हमें अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस सफाई अभियान में युवक मंगल दल के सचिव चौधरी ताहिर अब्बास ने बताया कि यह सफाई अभियान धीरे-धीरे एक जनांदोलन का रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, और हमें उम्मीद है कि इस सफाई अभियान से हम अपने इस उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे। इस सफाई अभियान में इजहार चौधरी, साकिब राजपूत, गुलफाम राणा, राशिद खान, शावेज़ पहलवान, सुल्तान खान, दिलावर, हाशिम, इकरार इत्यादि युवा मौजूद रहे। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने युवाओं को सफाई अभियान के लिए दुआओं से नवाजा।



# सर्द हवाओं ने कराया ठंड का अहसास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में तेज पछुआ ने रफ्तार से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार की देर शाम से तेज हवाएं चल रही हैं। गुरूवार को भी सुबह से 27 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रही। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है। दोपहर के समय तेज धूप तो निकली, लेकिन सर्द हवाओं के चलते कोई खास गर्मी महसूस नहीं की गई। वहीं हवाओं के साथ धूल के गुबार ने परेशान कर दिया। सड़क निर्माण के चलते हवाओं के साथ धूल उड़ती रही। जिससे निकलना तक मुश्किल रहा। मौसम विभाग के अनुसार 9 मार्च तक अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक पहुंचेगा। मौसम साफ रहेगा। गर्मी का असर भी दिन-प्रतिदिन बढ़ेगा। मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन में धूप की वजह से ठंड का असर न के बराबर महसूस हो रही है। वहीं सुबह-शाम और रात में भी ठंड हल्की हो गई है।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210477276 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235417878 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं।

तुषार पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम संतोषपुर थाना बागपत, जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री आरजू चौधरी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

शोकत अली पुत्र बशीरूद्दीन निवासी मौहल्ला गुसाईयान बारू पट्टी बडौत थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय हरियाखेड़ा विकास क्षेत्र पिलाना जनपद बागपत में यूकेलिप्टस के चार पेड़ो की सार्वजनिक नीलामी दिनांक-18.03. 2025 को होगी। अत: इच्छुक क्रेता नीलामी के समय उपस्थित रहे।

प्रधानाध्यापक

प्रा.वि.हरियाखेड़ा विकास क्षेत्र पिलाना, जनपद बागपत।

# बीसा में भीषण आग, झुग्गियां राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित बीसा कॉलोनी में गुरुवार को एक भीषण आग ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में लगी आग से एक दर्जन से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं।

आग की तेज लपटों और काले धुएं से आसमान तक ढक गया, और आग इतनी भयानक थी कि कई मवेशी भी इसकी चपेट में आ गए। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। इस दौरान कई बच्चे और महिलाएं घायल हो गए, जिन्हें तुरंत उपचार दिया गया। वहीं घायल मवेशियों को पशु चिकित्सालय भेजा गया। बीसा कॉलोनी में ज्यादातर गरीब और मेहनतकश परिवार रहते हैं। आग ने इन परिवारों का सारा सामान नष्ट कर दिया। स्थानीय प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया और प्रभावित लोगों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। प्रशासन ने बताया कि जिनकी झुग्गियां जलकर राख हो गईं, उन्हें अस्थायी शरणस्थलों पर भेजा जाएगा, और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। प्रशासन ने स्थानीय समुदाय से भी अपील की है कि वे इस कठिन घड़ी में आपस में सहयोग करें और पीड़ितों की मद्द के लिए आगे आएं। बीसा कॉलोनी के लोग इस भीषण आग के बाद भारी नुकसान झेलने के बावजूद राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

# पूर्व विधायकों की शिकायतों पर जांच शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शिकारपुर के पूर्व विधायक और अर्चना पांडा के बयान दर्ज करने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं पूर्व विधायक गुड्डू पंडित की कोठी का बिजली कनेक्शन भी काट दिया है। कोठी पर करीब 4 लाख रुपए का बिल बकाया है। गुरुवार को पावर कॉर्पोरेशन के अफसरों ने बकाया न चुकाने पर कोठी का कनेक्शन काट दिया। एसएसपी श्लोक कुमार से पूर्व विधायक मुकेश पंडित ने शिकायत में कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक षड़यंत्र के तहत आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्चना पांडा और उसके गुर्गे उनके परिवार को बदनाम करने पर तुले हुए हैं, जबकि उन्होंने और उनकी भाभी काजल शर्मा ने आज तक अर्चना पांडा को देखा तक नहीं है। अर्चना पांडा उनसे एक करोड़ रुपए के लिए ब्लैकमेलिंग कर रही हैं। उनकी छवि को लगातार बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अर्चना पांडा अपना मानसिक संतुलन खो चुकी महिला है, जो अनाप शनाप आरोप लगाकर प्रसिद्ध होना चाह रही है। पूर्व विधायक ने एसएसपी

# विदेशी मुद्रा के नाम पर ठगने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पुलिस ने विदेशी मुद्रा एक्सचेंज के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने मऊखेडा से बीसा कालोनी जाने वाले रास्ते पर आम के बाग से इन अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रफीक पुत्र रिजोब, फिरदौश पुत्र अब्दुल लतीफ और कौशर पुत्र लतीफ के रूप में हुई है। इनके पास से 58,000 रुपये नकद और अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि इन अपराधियों ने पिछले कुछ महीनों में कई वारदातों को अंजाम दिया था। 30 जनवरी 2025 को नुमाईश ग्राउंड में विदेशी मुद्रा एक्सचेंज के नाम पर एक व्यक्ति से धोखाधड़ी की। जिससे संबंधित 23,000 रुपये बरामद हुए हैं। 22 फरवरी 2025 को सैन्टरल रजवाहे के पास एक और व्यक्ति से इसी तरह की ठगी की गई। जिससे 35,000 रुपये बरामद हुए।

# सीएम डैशबोर्ड प्रोजेक्ट्स को गंभीरता से लें अधिकारी: सौरभ

- प्रभारी मंत्री जनपद बरेली ने की गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की की समीक्षा
- अनुपालन आख्या में सामान्य आख्या न देकर, कृत कार्यवाही का संख्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने के दिए गए निर्देश
- रामगंगा नगर में निर्मित रामायण वाटिका में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का किया अवलोकन और कार्य की की सराहना




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/नोडल अधिकारी बरेली सौरभ बाबू की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यक्रमों/विभागीय योजनाओं (सीएम डैशबोर्ड के फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स) की प्रगति की समीक्षा एवं प्रभारी मंत्री जनपद बरेली की गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि माह जनवरी 2025 में प्रदेश में सीएम डैशबोर्ड पर जनपद का विकास कार्यों में तीसरा स्थान रहा है, जोकि 186 पैरामीटर के आधार पर प्राप्त हुआ है। नोडल अधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड विगत तीन माह की जनपद की रैंकिंग की जानकारी लेते हुए सी, डी व ई रैंक प्राप्त करने वाले विभागों व विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की।

उक्त के अन्तर्गत अवगत कराया गया कि विभिन्न निर्माण योजनाओं में धनराशि प्राप्त न होने के कारण रैंकिंग प्रभावित हो रही है। जैसे जनपद में दो स्थानों पर किसान कल्याण केन्द्र बन रहे हैं, लेकिन धनराशि प्राप्त न होने के कारण निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है, जिससे जनपद की रैंक प्रभावित हो रही है। बैठक में अवगत कराया गया कि निपुण असिस्मेंट टेस्ट नवम्बर 2024 में हुआ था, लेकिन परिणाम अभी तक नहीं आये हैं फलस्वरुप रैंक प्रभावित है। इसी प्रकार कस्तूरबा गांधी विद्यालय शेरगढ़ में हॉस्टल का निर्माण में ई रैंक है, क्योंकि विद्यालय के ऊपर से विद्युत की लाइन हटनी थी, जिस कारण उक्त कार्य कराने में समय लगा और कार्य पूर्ण करने तिथि निकल गई है। इसके अतिरिक्त जनपद में पांच कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का निर्माण कार्य चल रहा है, तथा कार्य पूरा होने की तिथि भी निकल गई है, जिसका कारण भूमि देर से मिलना बताया गया, साथ ही माह जून 2025 तक कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की पहले रैंक खराब थी, लेकिन अब कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार फैमिली आईडी के बारे में बताया गया कि फैमिली आईडी में सी रैंक थी, लेकिन इस बार टॉप पांच में जनपद होगा। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि पर्यटन निर्माण निगम के 11 करोड़ रुपए के कुल कार्य हैं, जो कि धीमी गति से चल रहे हैं, जिसपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 15 मार्च से पूर्व सभी कांट्रेक्टरों को बुलाकर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराकर कार्य में प्रगति लाई जाए।

बीडीए की प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया गया कि पोर्टल पर अपलोड नहीं है, लेकिन धरातल पर कार्य पूर्ण है। बैठक में राजस्व कार्यों/वादों की समीक्षा करते हुए पुराने वादों के निस्तारण की जानकारी ली गयी। जीएसटी की समीक्षा में बताया गया कि जनपद का लक्ष्य बहुत अधिक है, जिस कारण रैंक खराब हो रही है अन्यथा प्रदेश में 25वीं रैंक है। बैठक में जनपद बरेली के प्रभारी मंत्री की बैठकों व निरीक्षण में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गयी और सामुदायिक शौचालय कितने समय से कितने समय तक खुलते हैं, जिसपर अवगत कराया गया कि 04 घण्टे सुबह व 04 घण्टे शाम को खुलते हैं।

गौशालाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद में 13 वृहद गौशालाएं हैं, जिसमें तीन गौशालाएं निर्माणाधीन है, जिसमें गौवंश संरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त भी मनरेगा से गौशालाएं बनवाई जा रही हैं। बैठक में बताया गया कि अन्नपूर्णा माडल शॉप वर्ष 2023-24 के भवन पूर्ण हो चुके हैं तथा वर्ष 2024-25 के भवन निर्माणाधीन हैं। बैठक में आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन योजना की भी प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंदन ए, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बहेड़ी में हुआ केंद्रीय मंत्री का जनसंवाद

- हसनपुर गांव के प्राइमरी स्कूल में 261 छात्रों को जूते-मोजे व सैंडल किए वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने हसनपुर गांव के प्राइमरी स्कूल में 261 छात्रों को जूते-मोजे, सैंडल वितरण किये। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से आवाहन किया कि यह बच्चे देश का भविष्य हैं इन्हीं में से कोई डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, पीसीएस व राजनेता बनेगा। छात्रों की पढ़ाई में किसी तरह की कोई लापरवाही न करें, अगर उनसे किसी भी चीज की जरूरत हो तो वह बेबाकी से अपनी बात कह सकते हैं।

इसके बाद गुड़वारा गांव में जन संवाद कार्यक्रम करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना, तथा संबंधित विभागों द्वारा समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया। यहां से वह मोहल्ला लोधीपुर में लोगों से संवाद करने पहुंचे, और फिर जाजूनागर में नगर पालिका द्वारा निर्माण कराए जा रहे अंबेडकर भवन का भूमि पूजन किया तथा शिलापट का अनावरण किया। फिर उन्होंने पार्क में जन संवाद कार्यक्रम का शुरुआत की। यहां मोहल्ले के लोगों ने घनी आबादी के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन लाइन को हटाने की बात कही, जिसपर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि लगातार हाई टेंशन लाइन की शिकायतें उनके पास आ रही हैं उनको जल्द से जल्द बजट बनाकर आबादी से शिफ्ट किया जाए।

राहुल गंगवार व सभासद ओमप्रकाश ने मंत्री को बताया कि केसर चीनी मिल के वेस्ट मटेरियल का गंदा पानी टीचर्सकॉलोनी, जाजूनागर में घनी आबादी के बीच से गुजर रहा है। इस नाले को चीनी मिल द्वारा कवर्ड किया जाना चाहिए, लेकिन मिल ने इस काम को करने से मना कर दिया है। लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इस



पर जितिन प्रसाद ने प्रदूषण विभाग को कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने एसडीएम से कहा कि इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजें, तथा उसकी एक प्रति उन्हें भेजी जाए। किसानों ने चीनी मिल द्वारा गन्ने का भुगतान न करने की शिकायत रखी, इसपर उन्होंने केन कमिश्नर से इस संदर्भ में वार्ता करने की बात कही। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने तीन माह से वेतन न मिलने की बात कही। नगर पालिका की अध्यक्षा रश्मि जायसवाल ने कहा कि अधिशासी अधिकारी का तबादला हो जाने के कारण कर्मचारियों का वेतन रुका पड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह शासन में बात कर जल्द से जल्द अधिशासी अभियंता की यहां तैनाती कराकर इस समस्या का निस्तारण करेंगे।

इस दौरान जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी आराम सिंह, गन्ना समिति के डायरेक्टर चौधरी ओमवीर सिंह, भाजपा नेता राहुल गुप्ता, नईम अहमद, नगर पालिका अध्यक्ष पति अजय जायसवाल बॉबी, सुनील गंगवार, जयेंद्रपाल सिंह, शांति पाल गंगवार, सरदार मेजर सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेश चंद्र शर्मा, हरीश गंगवार, अफजाल अहमद, केदार सिंह, भरतवीर, विनोद गंगवार, कविंदर सिंह, जितेन्द्र तोमर, राजीव सिंह, महावीर प्रसाद, प्रेम शंकर, डालचंद, रवि पराशरी आदि मौजूद रहे।

# आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

- कुल 578 आबकारी दुकानों को ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया आवंटित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/नोडल अधिकारी बरेली सौरभ बाबू के पर्यवेक्षण व जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की उपस्थिति में आज वर्ष 2025-26 हेतु देशी मदिरा, कंपोजिट दुकानों, भाँग की दुकानों और मॉडल शॉप्स के आवंटन की प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से संजय कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुई।

जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद बरेली में कुल 578 आबकारी दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से प्रातः 10:00 बजे से 11:45 बजे के बीच सम्पन्न हुआ। जनपद में 396 देशी शराब, 160 कम्पोजिट, 16 मॉडल शॉप व 06 भाँग दुकानों के सापेक्ष कुल 7581 आवेदन प्राप्त हुए थे। ई-लॉटरी प्रक्रिया के सफल सम्पादन हेतु शासन द्वारा वरिष्ठ आईएएस प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/नोडल अधिकारी बरेली सौरभ बाबू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, उप आबकारी आयुक्त एसपी सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम से की वेतन दिलाने की मांग

- वेतन न मिलने पर हड़ताल पर बैठने की दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पिछले दो माह से वेतन न मिलने पर नगर पालिका परिषद बहेड़ी के सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा है कि पिछले दो माह से उनका वेतन रुका हुआ है, और नगर पालिका का कोई भी अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है।

सफाई कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि होली का त्यौहार करीब आ रहा है। वेतन न मिलने से न तो वह होली की जरूरत का सामान खरीद पा रहे हैं, और न ही अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा पा रहे हैं। इसपर उपजिलाधिकारी रत्लिका श्रीवास्तव ने नगर पालिका के अध्यक्ष व अधिकारियों से बात कर कर्मचारियों को बताया कि उनका वेतन ईओ की तैनाती न होने की वजह से रुका हुआ है। जल्द ही बहेड़ी नगर पालिका में ईओ की तैनाती हो जायेगी, जिसके बाद आपका रुका हुआ वेतन मिल जाएगा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि वेतन न मिलने पर वह 10 तारीख को गेट पर हड़ताल पर बैठ जायेंगे। शिकायत करने वालों में मुन्नी, शीला, अशोक, मिथुन, गीता, शिवम, राजेश कुमार, कुंवर सिंह, रिजवान, सुषमा, अमित, विनोद, अनिल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### एलबीडी लैब में बच्चों ने तैयार किया मल्टीपरपज स्टैंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** विकास क्षेत्र दमखोदा में दो एलबीडी प्रयोगशालाएं इस वर्ष बनी हैं, पहली कंपोजिट विद्यालय अभयपुर और दूसरी यूपीएस कठर्रा में, जिसकी कुछ दिन पहले अभयपुर विद्यालय से निशु गर्वियल लखनऊ ट्रेनिंग ले कर आई थीं।



विद्यालय में इस चीज को जीवंत रूप देने के लिये वहाँ के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा और समस्त स्टाफ के साथ मीटिंग कर अपने दिशा निर्देशन में टीम लीडर निशु गर्वियल ने बच्चों के साथ काम शुरू किया, और आज पहला प्रोडक्ट इस स्टैंड को बनाया और आज इसे लॉन्च किया। इस अवसर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा जो की प्राथमिक शिक्षक संघ दमखोदा के अध्यक्ष ने सभी को बधाई दी। विद्यालय के सभी शिक्षक सौरभ गंगवार, सुषमा स्वराज, प्रतिभा गंगवार, अयोध्या प्रसाद, शिखा रानी, आयुषी राज भारती मौजूद रहे।प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि यह सरकार की बहुत अच्छी पहल है, वच्चो में उत्साह है, इससे आगामी सत्र में नामंकन भी बढ़ेगा।

### रमजान के रोजे 10-शाबान 2-हिजरी को फर्ज किए गए: मुफ्ती नश्तर फारुकी

**शाह टाईम्स ब्यूरो**

**बरेली।** माह-ए-रमजान निहायत ही रहमतों, बरकतों का महीना है। इस महीने में नफ्लों का सवाब फर्जों के बराबर और फर्जों का सवाब सत्तर गुना बढ़ा दिया जाता है। रब तआला का इरशाद-ए-गिरामी है कि रोजा मेरे लिए है और मैं खुद रोजे का अजर (बदला) हूँ। माह-ए-रमजान में अल्लाह तआला अपने बंदों को बे-शुमार रहमतों और नेअमतों से नवाजता है।

पहली बात यह है कि अगर हमें किसी चीज की अहमियत न मालूम हो तो हम उसका फायदा भी नहीं उठा पाते, इसी तरह अगर हम रमजान की अहमियत नहीं जान सके तो उसकी फजीलत नहीं जान सकेंगे, तो उसका फायदा भी हम नहीं उठा पाएंगे, हदीसे पाक में आया है कि रमजान अल्लाह का महीना है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस महीने को अल्लाह से कितना गहरा ताल्लुक है।

इसमें एक ऐसी रात आती है जो हजार महीनों से अफजल है। रमजान अरबी का लफ्ज है जिसका माना झुलसा देने वाला है, इस महीने में अल्लाह रब्बुल इज्जत अपने फजल व करम से रोजे दार बन्दों के गुनाहों को झुलसा देता है, यानी मिटा देता है, इसलिए इस महीने को रमजान कहा जाता है। अल्लाह रब्बुल इज्जत कुरआन-ए-करीम में फरमाता है कि ऐ ईमान वालों तुम पर रोजे फर्ज किए गए जैसे तुमसे पिछली उम्मतों पर हमने फर्ज किए थे, ताकि तुम परहेजगार हो जाओ। रोजा मुसलमानों पर 10-शाबान 2-हिजरी को फर्ज किया गया, जिसका असल मकसद तक्वा (परहेजगारी) इख्तियार करना है, और अल्लाह पाक ने बार-बार इस फरमान को दो. हराया कि ऐ लोगों जो ईमान लाए तकवा (परहेजगारी) इख्तियार करो। गौर करने वाली बात यह है की तकवा यानी अल्लाह का डर बहुत ही अहमियत वाली चीज है, क्योंकि जब इंसान के अन्दर अल्लाह का डर पैदा हो जाता है तो वह हलाल व हराम की तमीज करने लगता है, और दुनिया पर आखिरत को तरजीह देने लगता है, धोखेबाजी, झूठ, जिना, गीबत, शराब, जुआ और तमाम बुरी खस्लतों से एहतियात करने लागता है।

अल्लाह के प्यारे रसूल ने इर्शाद फरमाया एक रमजान से दूसरे रमजान के रोजे रखना इस दरमियान वाकेअ होने वाले तमाम गुनाहों के लिए कफ्फारा बन जाता है, जब तक कि इंसान गुनाहे कबीरा (बड़ा गुनाह) न करे। इंसान जब शिकम सेर (भर पेट) होता है तो उसका नफ्स उसे गुनाहों और शरकशी पर उभारता है, और जब भूखा-प्यासा होता है तो उसका नफ्स सुस्त और कमजोर होकर गुनाहों से बाज रह जाता है, यह भी कहा जा सकता है कि अल्लाह की पाकीजा मखलुक फरिश्ते न कुछ खाते हैं न पीते हैं और न हमबिस्तरी करते हैं और रोजा भी इन्हीं तीनों चीजों से सुबहे सादिक से ग्रुबे आफताब तक रूक जाने का नाम है तो गोया अल्लाह ने अपने बन्दों को रोजे का हुक्म देकर यह इर्शाद फरमाया कि ऐ मेरे बंदों अगर तुम इन चीजों से परहेज कर लोगे तो तुम्हारे अन्दर भी फरिश्तों जैसी पाकीजा सिफत पैदा हो जाएगी, और तुम भी मेरे फर्मा बरदार बन्दे बन जाओगे।

### होली पर रहेगी कड़ी सुरक्षा ड्रोन से की जाएगी निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** होली पर शहर से लेकर देहात तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पुलिस ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जाएगी। होलिका दहन और रंगोत्सव के मौके पर बरेली जिले में सुरक्षा बंदोबस्त दुरुस्त करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। एसएसपी ने राजपत्रित अधिकारियों के साथ हुई बैठक में 80 होली जुलूस निकालने के दौरान जिम्मेदारी तय की है। हर थाना क्षेत्र में एक ड्रोन ऑपरेटर को पुलिस के साथ संबद्ध किया है। जिले में ड्रोन की मदद से छतों के पत्थर व भीड़ को देखा जाएगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जिले में कुल 2900 स्थानों पर होलिका दहन होगा। जबकि 80 जुलूस के लिए बॉक्स फार्मेशन में ड्यूटियां लगाई जा रही है।

# ई-रिक्शा में बुलेरो कार ने मारी टक्कर, कई जख्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुलेरो गाड़ी ने ई-रिक्शा मे मारी टक्कर आधा दर्जन सवारी घायल। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।



मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को फतेहगंज पश्चिमी कस्बे की साप्ताहिक बाजार कर भट्टे और फरीदापुर रामचरण बल्लिया गांव की सांवरियां ई-रिक्शा पर बैठ कर वापस जा रहीं थीं। राष्ट्रीय राजमार्ग के रुकुमपुर माधोपुर पुल पर पीछे से आती तेज रफ्तार बोलेरो कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में बैठी आधा दर्जन सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल राजश्री पत्नी खड़ग सिंह,राजकुमारी पत्नी गोमिद राम निवासी जन्नक जागीर, रामसिंह पुत्र पूरन लाल निवासी चंदपुर माफी गंभीर घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए बरेली अस्पताल भेज दिया। हल्की चोट वालों को घर पर भेज दिया। ई-रिक्शा व बुलेरो को कब्जे मे लेकर थाने मे खड़ा कर लिया है।

# करीब एक करोड़ की जीएसटी दबाए हैं 217 ईंट भट्टा संचालक

- वसूली को लेकर विभाग ने भेजा नोटिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंडल भर के ईंट भट्टा संचालक मानकों के अनुसार जीएसटी नहीं जमा कर रहे हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने ईंट के उत्पादन और बिक्री से टैक्स का कैल्कुलेशन किया। उससे पता चला कि मंडल भर के 217 ईंट भट्टा संचालक करीब एक करोड़ रुपये की जीएसटी दबाए बैठे हैं। भट्टा संचाल. कों ने इस वर्ष 30 फीसदी कम टैक्स दिया है। इन भट्टा संचालकों को नोटिस भेजा गया है।

मंडल भर में 712 ईंट भट्ठे हैं। भट्टा वालों को छह फीसदी टैक्स देना होता है। पिछले दिनों ईंट उत्पादन के सापेक्ष जीएसटी जमा किए जाने की समीक्षा की गई। उससे पता चला कि बरेली के 117 और शाहजहांपुर के 100 ऐसे कारोबारी हैं, जिन्होंने बीते वर्ष के सापेक्ष 30 फीसदी कम टैक्स दिया। उत्पादन के सापेक्ष बाजार भाव का मिलान किया गया तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि उन्होंने करीब एक करोड़ रुपये टैक्स कम दिया। कम टैक्स देने वाले कारोबारियों की सूची तैयार कर ली गई है। उन्हें ईंट उत्पादन के सापेक्ष टैक्स हर हाल में जमा करना होगा।

इन भट्टा संचालकों को नोटिस भेजा गया है। वहीं, पीलीभीत और बदायूं के ईंट भट्टा कारोबारियों ने बीते वर्ष के सापेक्ष 20 फीसदी ज्यादा टैक्स जमा किया है।

### यूं पकड़ा भट्टा संचालकों का खेल

भट्टा पर ईंट की फुंकाई का कार्य मार्च से जून तक चलता है। एक भट्टे पर न्यूनतम 10 लाख ईंट का उत्पादन प्रतिमाह होता है। कुछ पर 15 लाख से भी ज्यादा है। इस लिहाज से फुंकाई सीजन के दौरान ईंट का उत्पादन 35 से 40 लाख प्रति भट्टा है। ईंट की बिक्री का बाजार भाव औसतन छह हजार रुपये है। वार्षिक टर्नओवर करीब दो से 2.5 करोड़ रुपये होना चाहिए। बिना आईटीसी जीएसटी दर छह फीसदी के हिसाब से दस से 12 लाख रुपये की जीएसटी होनी चाहिए। लेकिन कारोबारियों ने अब तक एक से दो लाख रुपये ही टैक्स दिया। इसलिए उन पर करीब एक करोड़ का टैक्स बकाया है।

### उत्पादन, बिक्री के अनुपात में टैक्स दें कारोबारी

अपर आयुक्त ग्रेड-1 दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मंडल में 712 ईंट भट्टा संचालक जीएसटी में पंजीकृत हैं। वार्षिक 2.68 करोड़ रुपये टैक्स जमा होता है। उस हिसाब से टैक्स जमा नहीं किया गया है। टैक्स कम जमा करने वालों की सूची बन गई है। उनको नोटिस भेजा गया है। वह 31 मार्च तक टैक्स जमा कर सकते हैं।

# पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी पाल रही अव्वल

- जिला स्वास्थ्य समिति ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** एचएमआई इंटरनेशनल स्कूल रिछा में वृहस्पतिवार को जिला स्वास्थ्य समिति, बरेली द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तंबाकू और नशे के खिलाफ कैंपेन हुआ।

विद्यालय में रिछा सीएचसी से आई आरबीएस के टीम ने पहुंचकर बच्चों को जागरुक किया, एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने नो तंबाकू थीम पर पेंटिंग बनाई। पोस्टर मेकिंग में विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा खुशी पाल को प्रथम पुरस्कार दिया गया। मोहम्मद निजाम और उमैजा को दूसरा और तीसरा पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में आरबीएस के टीम के साथ विद्यालय के मैनेजर रिजवान अहमद के अलावा प्रिंसिपल जुल्फिकार अहमद, अमर सिंह, अरमा इरफान, शारिया रईस एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा तब हुआ था जब युवक अपने भाई के साथ घर के सामने सड़क पर टहल रहा था। गंभीर हालत में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे बचाया नहीं जा सका।




जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा निवासी मोहन स्वरूप उर्फ पप्पू का बेटा दीपक 23 वर्ष करीब एक सप्ताह पूर्व अपने भाई के साथ घर के नजदीक सड़क पर टहल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा। टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल सवार युवक मौके से भाग निकला। घटना के बाद घायल मोहन स्वरुप को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में रखा गया था। हालत में कोई सुधार न होने पर मंगलवार देर रात इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को उसका शव गाँव लाया गया, जहाँ देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मच गया।

# अबू आजमी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग

- महंत बोले- समर्थन करने वालों पर भी हो कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** महंत पंडित सुशील पाठक ने कहा कि औरंगजेब की तारीफ करने वाले महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी की विधानसभा सदस्यता रद्द करनी चाहिए। उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

महाराष्ट्र के सपा नेता व विधायक अबू आजमी के बयान पर विवाद थम नहीं रहा है। हिंदू संगठनों के लोग सपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बरेली के सर्वदेव साईं मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने कहा कि अबू आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा होना चाहिए। साथ ही, अबू आजमी के बयान का समर्थन करने वालों पर भी कार्रवाई की मांग की। पंडित सुशील पाठक ने कहा कि औरंगजेब ने हजारों हिंदुओं की हत्या की थी। ब्राह्मणों के जनेऊ जलवाए थे और सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि अबू आजमी की विधानसभा सदस्यता रद्द करनी चाहिए और देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

### मौलाना शहाबुद्दीन पर भी साधा निशाना

सुशील पाठक ने कहा कि अबू आजमी के बयान का समर्थन करने वाले मौलानाओं के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर तारीफ करनी है तो अशफाक उल्ला खां की तारीफ करनी चाहिए। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

### अबू आजमी ने औरंगजेब को बताया था महान प्रशासक

आजमी ने मुंबई में मीडिया से बात करते हुए कहा था, सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, औरंगजेब क्रूर नहीं था। एक समाचार चैनल के साथ इंटरव्यू में सपा नेता ने कहा था, मैंने औरंगजेब के बारे में जितना पढ़ा है, उसने कभी भी जनता का पैसा अपने लिए नहीं लिया, उसका शासन बर्मा (वर्तमान म्यांमार) तक फैला हुआ था, उस समय देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। मुझे लगता है कि वह एक महान प्रशासक थे, उसकी सेना में कई हिंदू कमांडर थे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## विकास भवन में नोडल अधिकारी ने की शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा

# जनकल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ प्रभावी बनाया जाए

■ **शासन की प्राथमिकता वाली विकास योजनाओं में प्रगति लाने के दिये निर्देश।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शासन द्वारा नामित जनपद के नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुभाष चंद्र शर्मा ने विकास भवन के सभागार में शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया और निर्देश दिए कि शिक्षा से संबंधित योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए एक प्रभावी तंत्र विकसित करें।

जिला पूर्ति अधिकारी को सभी राशन कार्ड धारकों की फैमिली आईडी बनवाने के साथ ही फैमिली आईडी के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जिन पेंशन लाभार्थियों के बैंक खाते आधार से लिंक न होने के कारण उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनकी सुविधा के लिए बीडीओ, पंचायत सचिव के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाकर आधार को लिंक कराने का कार्य करें, जिससे लभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया जा सके।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के अधिकतर कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रक्रिया से ही फाइलों का मूवमेंट किया जा रहा है, अब तक 28000 फाइलों का मूवमेंट किया जा चुका है। ई-ऑफिस की कार्य प्रणाली पर नोडल अधिकारी ने जनपद की सराहना की।

नोडल अधिकारी ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए जिन सड़कों की खुदाई की जा रही है, उनकी मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें।


रामपुर। विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा करते नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नकली दवाओं के क्रय विक्रय पर कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिये।

नोडल अधिकारी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए प्रयास समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाते हैं और जिले के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

नोडल अधिकारी ने शासन की प्राथमिकता वाले प्रारूपों की विकास कार्यक्रमवार व बिंदुवार समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी ने कहा कि विद्युत, सड़क, जल निगम तीनों विभागों का आपस में अच्छा समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक योजना की ग्रेडिंग की जा रही है इसलिए सभी अधिकारी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। शासन की मंशानुरूप विकासपरक कार्यक्रमों, जनकल्याणकारी योजनाओं, लाभार्थीपरक कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता से पूरा किया जाए।

सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने-अपने विभागों से जुड़े कार्यों में नये आयाम स्थापित करने की कोशिश करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य को योजनाओं में शामिल किया जा सके।

सभी निर्माण कार्यों का दैनिक पर्यवेक्षण किया जाए। अधिकारी फील्ड में अवश्य निकले, फील्ड में निकलने से जनता से मिलने वाले फीडबैक के बारे में पता लगता है और आम जनमानस को उसका लाभ प्राप्त होता है।

नोडल अधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़कों के निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जनपद में बिजली की आपूर्ति की स्थिति जानी।

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, मत्स्य पालन हेतु तालाबों का आवंटन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, आई सी डी एस (पोषण अभियान), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना आदि बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को पारदर्शी रूप से योजनाओं के क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना सहित किसानों के हित में अन्य संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति जानी। नोडल अधिकारी ने निराश्रित गोवंश के संरक्षण की समीक्षा करते हुए गो-आश्रय स्थल, संरक्षित गोवंश व सहभागिता योजना के अंतर्गत सुपुर्दगी कराए गए गोवंश की संख्या जानी। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिले में दिव्यांग जनों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में भी जरूरी कदम उठाए जाएं इसके लिए नगर पालि. का और नगर पंचायतों में बनवाए जा रहे स्वनिधि गलियारे में स्वरोजगार के लिए इच्छुक दिव्यागजनों को प्राथमिकता प्रदान की जाए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष योजनाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने का प्रयास करें और किसी तरह की समस्या आती है तो जिला प्रशासन को अवश्य अवगत करायें।

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिग्विजय नाथ तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## रामपुर में ई-लॉटरी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में आबकारी फुटकर दुकानों की प्रथम चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया शासन द्वारा दिये गये निर्देश के अनुरूप नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा की उपस्थिति में सकुशल संपन्न करायी गयी।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत जनपद की देशी मदिरा की 161, कम्पोजिट 60 एवं 07 मॉडलशॉप की दुकानों का व्यवस्थापन कराया गया है। इस प्रकार जनपद में सभी देशी, विदेशी मदिरा एवं मॉडलशॉप पर शत-प्रतिशत व्यवस्थापन करा लिया गया है।

उन्होंने बताया कि ई-लॉटरी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पूर्ण कर ली गई है और आवंटन की सूची कलेक्ट्रेट के सूचना पट्ट एवं आबकारी कार्यालय में चस्पा कर दी गई है।



रामपुर। विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा करते नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा।

अग्रिम प्रक्रिया मा. उच्च न्यायालय के आदेश के अनुक्रम में संचालित की जायेगी। आवंटियों को दुकानों का आंवटन पत्र मा. न्यायालय के आदेशानुसार किया जायेगा। अन्य जानकारी जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि./रा. ) हेम सिंह एवं जिला आबकारी अधिकारी हिम्मत सिंह मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज को एक नफर वारण्टी अभियुक्त रन्जीत पुत्र भगवानदास निवासी पिपला शिवनगर थाना मिलक जनपद रामपुर धारा 60(2) आबकारी अधि. माननीय न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत दिनांक 12.03.25 को मस्कन से गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा. न्यायालय रामपुर भेजा।

## वकीलों ने धरने के दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को रामपुर बार एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन रामपुर अधिवक्ताओ ने बार एसोसिएशन के सामने जो वकीलों के चैंबर्स हैं उनको तोड़े जाने के विरोध में सभी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के सामने आज भी धरना जारी रखा और न्याय विभाग द्वारा पारित 12 कक्ष बनाये जाने के प्रस्ताव का विरोध किया और एक ज्ञापन भारत सरकार के कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल को जरिये जिलाधिकारी रामपुर दिया। ज्ञापन अपर जिलाधिकारी राजस्व हेमसिंह को दिया। धरने में अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, महासचिव ठा. कौशलेन्द्र सिंह व लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिराज अहमद बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जाहिद अली , उपाध्यक्ष रईस अहमद एडवोकेट, फारूक अहमद, राहुल गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष सुखविंदर सिंह, दिलशाद हसन,


रामपुर। एडीएम को ज्ञापन सौंपते रामपुर के अधिवक्तागण।

मुजफ्फर अली, आमिर मियां, तलत मियां, नासिर सुल्तान, परम सिंह आर्य, अरविन्द कुमार सैनी , खालिदा जरीन, अकबर अली, दलजीत सिंह राणा, संजीव यादव, अतहर सैफी, अब्दुल कय्यूम, रिजवान अली, हर्ष गुप्ता,प्रकाश मसीह, मान सिंह, मोहित मेहरोत्रा, ठा. पृथ्वी भान सिंह, नरेश चन्द्र लोधी, रहमान जब्बार, सतीश चन्द्र, मो. शैजी, मुस्तफा अहमद, रमेश पाठक, हरपाल लोधी, देवेंद्र दिवाकर, आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## रठौंडा मेले में आज से होंगे फिल्मी कलाकारों के जरिए आयोजित कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने किसान मेले के उद्घाटन पर जानकारी दी थी। कि रामपुर जिला पंचायत द्वारा आयोजित किसान मेला रठौंडा में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत 7 मार्च को शिव विवाह कथा, 8 मार्च को मशहूर फिल्म निर्देशक-निर्माता, कलाकार पुनीत इस्सर का जय श्री राम रामायण, एवं 9 मार्च को ब्रज की होली उत्सव कार्यक्रम होंगे। जिसमें मुंबई फिल्म उद्योग के कई जाने-माने कलाकार भाग लेंगे। जैसे शिव शक्ति टीवी सीरियल के मुख्य कलाकार सिद्धांत, जलवा, दान व महाकाल के मुख्य कलाकार राजीव सुरती, गोगा कपूर की पुत्री पायल गोगा कपूर, दारा सिंह के पुत्र बिंदु दारा




सिंह, आदि। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी दो दिन के प्रवास पर 8 मार्च को दोपहर रामपुर पहुंच रहे हैं। और शाम को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम जय श्री राम रामायण देखने के लिए किसान मेला रठौंडा जाएंगे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क की मरम्मत के लिए सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन पंजीकृत संगठन के शिष्ट मंडल ने संगठन के माध्यम से जिलाधिकारी को मजिस्ट्रेट के द्वारा मांग पत्र सौंपा। डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क सिविल लाइन रामपुर में निम्न बिंदु बार आवश्यक कार्य हेतु अवगत कराना है, बाबासाहेब डॉ.अंबेडकर जी की मूर्ति के ऊपर बना गुंबद की टूट-फूट मरम्मत कार्य, लाइट एवं रंगाई पुताई कराई जाए। पार्क के मैन गेट पर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर पार्क लिखा जाए। पार्क की बाउंड्री वॉल एवं में गेट की रंगाई पुताई कराई जाए। पार्क प्रगाण में लगे बिजली के खंभों से जो बल्ब गायब एवं खराब हैं। उनकी जगह नए बल्ब लगाकर पार्क में रोशनी की व्यवस्था की जाए। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जी के जन्मोत्सव


रामपुर। ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी भारत एकता मिशन संगठन के कार्यकर्ता।

(14 अप्रैल2025 )से एक दिन पूर्व एवं एक दिन पश्चात विशेष रूप से सफाई व्यवस्था कराई जाए। पार्क प्रांगण में बने शौचालय मूत्रालय की मरम्मत एवं निर्माण कार्य कर सुचारू रूप से चालू कराया जाए। पार्क के मुख्य द्वार के बाहर एक प्याऊ था जो तोड़ दिया गया। इसलिए प्याऊ का निर्माण पुन: होना अति आवश्यक है क्योंकि चारों तरफ से वहां लोग आते हैं।

बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के जन्मोत्सव( 14 अप्रैल 2025)कार्यक्रम में उनके अनुयाई अधिक संख्या में दूर दराज से आकर बड़ी धूमधाम से जयंती मनाते एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं। इसलिए सभी कार्य बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर जी जन्मोत्सव (14 अप्रैल2025)से पहले होने आवश्यक है।

अत: उपरोक्त बिंदुओं पर संगठन आपसे विनम्रता पूर्वक आग्रह करता है कि द्वारा उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेकर उपरोक्त कार्य समय से पूर्ण करने की नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का कष्ट करें। शिष्ट मंडल में राजेश खन्ना (मंडल प्रभारी), एड. सत्यपाल सिंह बादल (प्रदेश सचिव), एडवोकेट प्रमोद कुमार, एडवोकेट नरेश कुमार गौतम, दिनेश बाबू , विकास गौतम, प्रदीप गौतम, दिलीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शांति भंग में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने की कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस ने जयप्रकाश सैनी उर्फ मंगल पुत्र नन्दकिशोर उम्र करीब 20 वर्ष दानवीर सैनी पुत्र भगवानदास उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण मौहल्ला सैनियोवाला कस्बा व थाना सैफनी जिला रामपुर का चालान कर उपजिला मजिस्ट्रेट शाहबाद के समक्ष पेश किया।

## गन्ना समिति रामपुर की बैठक हुई संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को गन्ना समिति रामपुर की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता गन्ना समिति रामपुर के अध्यक्ष विवेक कुमार पांडे ने तथा संचालन समिति सचिव कृष्ण गोपाल गौतम ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा की शासन की प्राथमिकता हमारी प्राथमिकता है गन्ना किसानों के विकास एवं उन्नति तथा समृद्धि के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।

गन्ना किसानों की आपूर्ति एवं भुगतान शासन के मानकों का अनुपालन होना चाहिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की




जाएगी। किसानों का गन्ना भुगतान 14 दिन में होना सुनिश्चित होना चाहिए इसके अध्यक्ष समिति की आय बढ़ाने समिति के केन्द्रों पर गन्ना किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता एवं किसान हितकारी नई प्रजातियां का प्रचार प्रसार एवं उनकी बुवाई को किसानों को प्रोत्साहन देने पर विचार किया गया।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज को एक नफर वारण्टी अभियुक्त रन्जीत पुत्र भगवानदास निवासी पिपला शिवनगर थाना मिलक जनपद रामपुर धारा 60(2) आबकारी अधि. मा. न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत दिनांक 12.03.25 को मस्कन से गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा. न्यायालय रामपुर भेजा।



# दो अलग-अलग बाइक की टक्कर से तीन युवक जख्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते गुरुवार देर शाम करीब 5 बजे थाना क्षेत्र दो अलग अलग बाइक की टक्कर में तीन युवक चोटिल हो गए। बताया जा रहा है कि आसफपुर से चंदौसी मार्ग पर गांव नगला जैत के समीप दो बाइक सवारों के आगे अचानक घुमंतू पशुओं के आगे आने से बाइक सवारों के हाथ पांव फूल गए और संतुलन खो बैठे जिससे बाइक पेड़ से टकरा गई और दोनों बाइक सवार चोटिल हो गए।

जिसमें एक बाइक सवार प्रमोद (24) पुत्र श्रीपाल सिंह गांव बड़ा गांव मंझावली थाना चंदौसी जनपद संभल व दूसरा आसफपुर निवासी शिवम् (21) पुत्र गिरीश कुमार बताया जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस 108 के चालक निशांत कुमार की मदद से आसफपुर सी एच सी पर भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की निराशाजनक स्थिति को देखते हुए। डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया। इधर आसफपुर से बिसौली मार्ग पर बिसौली थाना क्षेत्र के गांव पैगा भीकमपुर निवासी विकास (25) पुत्र राजाराम अपनी पत्नी व दो छोटे बच्चों को साथ लेकर अपनी रिश्तेदारी गांव खरगपुर से अपने घर वापस लौट रहा था कि इसी दरम्यान आसफपुर से बिसौली मार्ग पर बिसौली की ओर से तेज गति से लहराता हुआ एक अज्ञात बुलेट मोटर साइकिल चालक ने सामने से टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सवार विकास पुत्र राजाराम चोटिल हो गया सूचना पर पहुंचे स्थानीय पुलिस चौकी उपनि. रीक्षक चंद्र शेखर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर चोटिल विकास का प्राथमिक उपचार कराया

# बिल्सी में डीजल टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा

बिल्सी-वजीरगंज मार्ग बांस बरोलिया के पास हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** वजीरगंज-बिल्सी मार्ग पर स्थित गांव बांस बरौलिया के निकट डीजल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर खंदी में पलट गया। जिसमें चालक घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन मशीन की मदद से टैंकर को सीधा करवाया। तब कहीं जाकर टैंकर से डीजल का बाहर आना बंद हुआ।

मिली जानकारी के मुताबिक घायल टैंकर चालक इंद्रपाल पुत्र अमर सिंह ने बताया कि वह आंवला डिपो से डीजल लेकर दहगवां को जा रहा था। जैसे ही उसने सिमर्रा भोजपुर के चौराहे को पार किया तो उसके टैंकर के स्टेरिंग में कुछ दिक्कत होने लगी। छुईया की पुलिया पार होते ही स्टेरिंग पूरी तरह से फैल हो गया। जिससे टैंकर पूरी तरह के अनियंत्रित हो गया और सडक किनारे एक खंदी में जाकर पलट गया। डीजल टैंकर पलट जाने की खबर जैसे ही गांव में फैली तो लोग डीजल लूटने के लिए दौड़ पड़े। कूछ ही देर में यहां थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अपनी कैनों में भरकर ले जा लोगों से डीजल को वापस मंगाया और लोगों को वहां से भगाया। क्राइम इंस्पेक्टर बीके मौर्य ने बताया पुलिस ने मौके पर जाकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और डीजल टैंकर को क्रेन की मदद से सीधा करवा दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# गर्भवती महिलाओं का पोषाहार ना वितरण होने से आक्रोशित महिलाओं ने किया हंगामा

■ जिम्मेदारों का घिसा पिटा सवाल पर होगी कार्रवाई



गांव तकीपुर पंचायत घर पर विरोध प्रदर्शन करती गांव की महिलाएं

सिलहरी सरकार के द्वारा गर्भवती, धात्री और बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाला पोषाहार नहीं मिल रहा है जिससे नाराज गर्भवती धात्री महिलाओं ने काटा हंगामा।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव तकीपुर उसैता आदि गांवों में पोषाहार वितरण नहीं किया जाता है गांव तकीपुर में बने पंचायत घर पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों पर आरोप लगाते हुए।

गांव की अर्चना देवी, मधु, रामवती, सरला देवी, गिरजा देवी ने बताया की आंगनबाड़ी केंद्र गांव में बना हुआ है जिस पर पास के गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री तैनात है जो पिछले 3 महीने से सरकार के द्वारा महिलाओं को पोषण के लिए आने वाला पोषाहार वितरण नहीं कर रही है।

जिसकी शिकायत कई बार ब्लॉक मुख्यालय पर की गई लेकिन उन्होंने अपनी कार्य शैली में कोई सुधार नहीं किया अगर उनसे फोन के द्वारा पोषाहार वितरण के बारे में जानकारी की जाती है तो वह कह देती हैं कि अभी ऊपर से ही पोषाहार नहीं आया है हम कहां से वितरण करते हैं और कभी-कभी तो वह झगड़ा करने पर भी आमादा हो जाती हैं महिलाओं ने बताया कि उन्हें यह भी पता नहीं है कि उनके गांव के लिए कितनी मात्रा मे महिलाओं वितरण होने वाला पोषाहार आ रहा है या नहीं जब भी कभी आंगनबाड़ी केंद्र पर आते हैं तो आंगनबाड़ी केंद्र बंद ही रहता है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने बताया उक्त गांव की शिकायत मिली है जांच का कार्रवाई की जाएगी।

# बड़े बकायेदारों की खैर नहीं, तहसील प्रशासन ने चलाया वसूली अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सरकारी बैंकों से कर्जा लेकर जमा न करने वाले डिफाल्टर बकायादारों के खिलाफ तहसील प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस दौरान दस लाख रुपए से बड़े खातेदारों के विरुद्ध राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। गुरुवार को तहसील प्रशासन एवं प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक द्वारा नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव के नेतृत्व में सुजानपुर, सिद्धपुर, एपुरा एवं बीरमपुर आदि गांवों में बड़े बकायादारों के खिलाफ वसूली अभियान चलाया गया।

यादव ने बड़े बकायादारों को एक सप्ताह में बकाया जमा करने अन्यथा की स्थिति में गिरफ्तारी व कुर्की की सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इस दौरान प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा बिसौली के मैनेजर अलग जायसवाल, अमीन कुंवर, अनुसेवक ओमवीर आदि उपस्थित रहे।

# ई लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से हुआ मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में गुरुवार को पारदर्शी तरीके से वर्ष 2025-26 के लिए ई-लॉटरी के माध्यम से मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन का कार्य राज्य सरकार द्वारा नामित पर्यवेक्षक व सचिव बेसिक शिक्षा डॉ0 सारिका मोहन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कुल 8282 आवेदनों में से 336 दुकानों का व्यवस्थापन का कार्य आवेदकों के समक्ष किया गया। उपस्थित आवेदक पूरी प्रक्रिया से संतुष्ट नजर आए। इस अवसर पर डीएम निधि श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि आबकारी नीति व शासनादेश के क्रम में ई-लॉटरी के लिए 8284 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें दो अनर्ह पाए गए। कुल 8282 आवेदनों में से 336 मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन का कार्य गुरुवार को पूरी पारदर्शित प्रक्रिया के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए।

ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया है जिसमें देसी मदिरा की 256, मॉडल शॉप 02, भांग की दुकान 03 व कंपोजिट शॉप के लिए 75 सहित कुल 336 मदिरा की दुकानों के लिए व्यवस्थापन का कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मदिरा दुकानों के अंतिम आवंटन को आवेदकों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया तथा साथ ही उसे चस्पा भी किया गया। जिला आबकारी अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि देसी शराब की दुकानों के लिए 6212, मॉडल शॉप के लिए 33, कंपोजिट शॉप के लिए 2032 और भांग की दुकानों के लिए 05 आवेदनों में से सिमुलेशन व तत्पश्चात रेंडमाइजेशन के माध्यम से ई-लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन का कार्य संपन्न किया गया। उन्होंने बताया कि आवेदनों के आवंटन की प्रायिकता लगभग बराबर रही। उन्होंने कहा कि सफल आवेदकों को अपनी लाइसेंस फीस निर्धारित समय अवधि में जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर द्वारा अप्रूव्ड एल्गोरिथम का उपयोग किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, आबकारी विभाग के मंडलीय अधिकारी, आबकारी निरीक्षक व अन्य अधिकारी व आवेदक मौजूद रहे।

# आर्य समाज गुधनी पांच हजार घर में पहुंचाएगा होली सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** आर्य समाज मंदिर गुधनी के संचालक एवं वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप के निर्देशन में पर्यावरण की शुद्धि के लिए होली पर 42 प्रकार की जड़ी बूटियां से युक्त विशेष होली सामग्री बनाई जाती है जो जिले के पांच हजार घरों को निशुल्क वितरित की जाती है। उन्होने बताया कि इसमें चिरायता, हल्दी, , इंद्रजौ , कपास मूल, बायविडंग, सुगंध, सुगंध, अगर, तगर लौंग गुड, कपूर शहद, गोला छुहारा, अखरोट, बादाम, शुद्ध देसी घी आदि मिश्रित किया गया है। आचार्य ने बताया कि होली पर घर-घर में बलगुरिया जलाई जाती है, जिसमें गोबर के उपले जलाए जाते हैं, उसमें यह उत्तम सामग्री की आहुतियां देकर घर और वातावरण को पवित्र बनाया जा सकता है। रोग के कृमि समाप्त होते हैं और सबको बड़ा भारी सुख होता है। पुरुष सामूहिक होली में एक किलो सामग्री, कपूर आदि ले जाकर समर्पित करें तो किसी को रोग और शोक न हो। उनका यह आंदोलन कई वर्षों से चल रहा है।

उनका लोगों को संदेश है कि व्यर्थ में लकड़ी ना जलाएं, गोबर के ही कंडे उपले जलाएं। होली धार्मिक त्योहार है, शराब न पिएँ, न ही गलत रंगों का इस्तेमाल करें। परस्पर के गिले शिकवे मिटाकर भाईचारे के साथ रहे। इस बार भी सामग्री के पांच हजार पैकेट बनाए जा रहे है। जिनका वितरण होली से पहले कर दिया जायेगा।

# 18 मार्च तक करें पराविधिक स्वयंसेवक हेतु आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय ने जानकारी देते बताया कि आम जनमानस को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद व तहसील स्तर पर पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने के इच्छुक स्थानीय व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय हेतु 20 व जनपद की प्रत्येक तहसील के लिए चार-चार पराविधिक स्वयंसेवक हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहे है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह स्थानीय व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक अपने आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय बदायूं में 18 मार्च 2025 तक सीधे या पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक को साक्षर होना चाहिए तथा मैट्रीकुलेट अभ्यर्थी को अधिमानता दी जाएगी। अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय बदायूं से ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि पराविधिक स्वयंसेवकगण की नियुक्ति हेतु शिक्षक (सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित), सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारीगण एवं वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्य परास्नातक के छात्र एवं शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, चिकित्सक व फिजीशियन, छात्र एवं विधि छात्र (उनके अधिवक्ता पंजीकृत होने तक) आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त गैर- राजनैतिक, सेवा- उन्मुख गैर-शासकीय संगठनों एवं क्लबों के सदस्य, महिला पड़ौस समूह, मैत्री संघम और अन्य स्वयं सहायता समूहों (हाशिए पर एवं नि:शक्त समूहों सहित) के सदस्यगण, कारागार में लम्बी अवधि की सजा काट रहे अच्छा व्यवहार करने वाले शिक्षित बन्दीगण, ऐसे अन्य व्यक्ति जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तहसील विधिक सेवा समिति पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में उपयुक्त समझे, वह भी आवेदन कर सकते हैं।

# समय से नहीं खुलता बाल विकास परियोजना

ब्लॉक मुख्यालय सीडीपीओ पर तीन ब्लाकों का चार्ज होने के कारण वरिष्ठ लिपिक को बनाया प्रभारी इंचार्ज जो रहती है नदारत

**सिलहरी खंड विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को जांच कर कार्रवाई कर दिया आदेश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लॉक सलारपुर मुख्यालय पर बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थित है जो कभी समय से नहीं खुलता है बृहस्पतिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय माटी कला जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया था।

लेकिन बाल विकास परियोजना कार्यालय पर निहित समय से अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय तैनात बाबू की खाली रही है जबकि ब्लॉक क्षेत्र मे एक सौ अढषठ आंगनबाड़ी केंद्र है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री ब्लॉक मुख्यालय पर केंद्रो से समस्याओं को लेकर ब्लॉक मुख्यालय कार्यालय पर चक्कर काट रही बाबू रहती है नदारद मामला खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार की संज्ञान मे पहुंचा तो उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार को पत्र लिखकर व फोन द्भारा मौखिक वात कर वताया कि कार्यालय विलंब से खुलने की जांच कर कार्य वाही करने के लिए पत्र लिखा है। खंड विकास अधिकारी ने कहा ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात सीडीपीओ सुशील कुमार पर तीन ब्लाक अम्बियापुर, वजीरगंज, सलारपुर समेत तीन ब्लाकों का चार्ज है इस लिए वह कभी कभार आते हैं लेकिन सलारपुर पर तैनात बाबू की समय ना आने की शिकायत मिल रही है जांच कर कार्रवाई होगी। इस संबंध में ब्लॉक सलारपुर पर सीडीपीओ सुशील कुमार ने बताया फोन पर तीन ब्लाकों का चार्ज है फिर भी जिला मुख्यालय विकास भवन पर उन्हें संबंध कर दिया गया है।

# सदर विधायक ने जागरूकता शिविर में टूल किट किए वितरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** गुरुवार को एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम व नि:शुल्क इलै0 चॉक टूलकिटस्, पगमिल टूलकिटस् व ग्राम प्रधान सम्मान समारोह में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता द्वारा विकास खण्ड परिसर सलारपुर बदायूँ में वितरण कराया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने माटीकला द्वारा संचालित योजनाओ पर विस्तृरित से प्रकाश डाला। माटीकला जागरूकता शिविर व टूलकिटस् वितरण कार्यक्रम में मा0 ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनेक पाल, खण्ड विकास अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी, प्राचार्य राजकीय पॉलिटैक्निक, प्राचार्य राजकीय आई0टी0आई0 जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# सिद्ध बाबा इंटर कालेज में भौतिक विज्ञान व शिक्षा शास्त्र की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई सम्पन्न



**राजीव सक्सेना, शाह टाइम्स**

**नरैनी।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में आज द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान व शिक्षा शास्त्र की परीक्षा सीसीटी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

परीक्षा प्रभारी राजकुमार शर्मा के अनुसार प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान व शिक्षा शास्त्र में पंजीकृत 348 में से 19अनुपस्थित रहे, इससे पहले नीरज चौहान, प्रवीण मिश्रा, रामौतार मौर्य ने छात्रों की गहन तलाशी ली। केंद्र व्यवस्थापक नरेश चन्द, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक अफजाल खान व स्टेटिक मजिस्ट्रेट रामसमुझ वर्मा सहकारिता विभाग ने कहा है कि शासन की मंशानुसार अच्छे माहौल में निष्पक्ष, नकलविहीन वातावरण में परीक्षा चल रही हैं। सिद्ध बाबा इंटर कालेज में परीक्षा कक्ष मि निरिक्षण करते स्टेटिम मजिस्ट्रेट रामसुमझ वर्मा व डा नरेश चन्द गुप्ता।

# फिजिक्स और शिक्षाशास्त्र की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच हुई संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई बसई में गुरुवार को यूपी बोर्ड की इंटर शिक्षाशास्त्र और भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा सीसीटीवी केमरों की निगरानी में निष्पक्ष, नकलविहीन तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा से पूर्व विद्यालय के मुख्य द्वार पर सुधाकर शर्मा, कामेन्द्र सिंह, रेनू कुमारी द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी लेने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में भेजा गया। परीक्षा इंचार्ज हरदीप सिंह के अनुसार द्वितीय पाली में शिक्षाशास्त्र और फिजिक्स दोनों विषयों में 243 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 26 परीक्षार्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। केन्द्र व्यवस्थापक डॉ घनश्याम दास ने कहा की शासन की मंशारूप नकलमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा की परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। केन्द्र पर बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक राम विलास, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदेश कुमार अवर अभियन्ता सिंचाई विभाग, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित पाराशरी आदि ड्यूटी पर रहे। केन्द्र पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## एक नजर

### 07 मार्च तक आपूर्तिकर्ता शेखूपुर चीनी मिल को उपलब्ध कराएं गन्ना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड शेखूपुर-बदायूँ के प्रधान प्रबन्धक गुलशन कुमार द्वारा अवगत कराया है कि मिल समिति से सम्बन्धित गन्ना आपूर्तिकर्ताओं कृषकों के सट्टे के अनुसार इस मिल समिति द्वारा समस्त पर्चियाँ निर्गत कर दी गई हैं फिर भी गन्ने के अभाव में मिल रूक-रूक कर चल रही है। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में सम्बन्धित गन्ना आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध है कि वह अपनी पर्चियों पर आपूर्ति हेतु अवशेष गन्ना 07 मार्च 2025 तक मिल को आपूर्ति कर दें। यदि इसके पश्चात् किसी भी गन्ना कृषक का गन्ना अवशेष रह जाता है तो यह चीनी मिल किसी भी रूप में उत्तरदायी नही होगी और 08 मार्च 2025 को मिल का पेराई सत्र-2024-25 अन्तिम रूप से बन्द कर दिया जायेगा।

### 07 मार्च को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में 07 मार्च, 2025 दिन शुक्रवार को प्रात: 8:30 बजे से लगभग 150 जोड़ों के सामूहिक विवाह हेतु एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन दातागंज रोड स्थित एच0पी0 इंस्टीट्यूट के ग्राउण्ड में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में विधानसभा बदायूँ, शेखूपुर, बिसौली एवं सहसवान सहित 04 विधानसभाओं, विकास खण्ड सालारपुर, बजीरगंज, बिसौली, आसफपुर, इस्लामनगर, दहगवां, सहसवान, कादरचौक एवं जगत तथा नगर निकाय बदायूँ, इस्लामनगर, बिसौली, बजीरगंज, सैदपुर, फैजगंज बेहटा, मुडिया धुरेकी, कुंवरगांव, ककराला, सखानूं, गुलड़िया, सहसवान एवं दहगवां के जोड़े सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि वर वधू को आशीर्वाद देने हेतु जनपद के माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियो उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं।



**देश की पुकार :** भारत की संस्कृति अपनाइए, सबके सहोदर बनाइए। भेदभाव छुआछूत ये तो बीमारी हैं, शहीदों के लोकतंत्र को सजाइए।

# जलभराव से ग्रामीण परेशान फैल सकती है बीमारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र के गांव बेहटारा मजरा खुरमपुर भमोरी के ग्रामीणों ने डीएम को बुधवार के लिए एक शिकायती पत्र दिया है। ग्रामीणों के अनुसार लगातार पानी जमा होने से गंदगी के कारण संक्रामक रोग पैर पसारने की आशंका बनी हुई।

जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान के द्वारा खड़ंजा की ईंटें उखाड़कर सरकारी विद्यालय में लगा दी है जिससे गली का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है जलभराव होने से मच्छर पनप रहे है ग्रामीण और स्कूली बच्चों का निकलना मुश्किल हो रहा है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि गांव में 235 मीटर एरिया में सीसी रोड का निर्माण होना था जिसमें लगभग 180 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है शेष सीसी रोड का कार्य ग्राम प्रधान के द्वारा रोक दिया गया था जिससे सीसी रोड के आगे जलभराव और मच्छर पनप रहे है।

जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है पूर्व में ग्राम प्रधान के द्वारा प्राथमिक विद्यालय से राजीव सिंह के मकान तक खड़ंजा की ईंटें उखाड़कर ले गए जिसकी वजह से उस एरिया में जलभराव हो रहा है। जबकि ब्लॉक स्तर पर इसकी कई बार शिकायत कर चुके है। मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# होली से पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया विशेष अभियान, 09 नमूने लेकर जाँच हेतु भेजे लैब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) सी०एल० यादव के नेतृत्व में आगामी होली पर्व त्योहार के दृष्टिगत आगामी अन्य पर्वों के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले विशेष अभियान के क्रम में गुरुवार को तहसील बिल्सी एवं तहसील दातागंज क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 09 खाद्य पदार्थों के नमूने वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजन को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यवाही किये गये प्रतिष्ठानों मछली बाजार इस्लामनगर स्थित इमरान फारूकी किराना स्टोर से बेसन का नमूना, मछली बाजार इस्लामनगर स्थित खालिद के प्रतिष्ठान से कचरी का नमूना, मछली बाजार इस्लामनगर स्थित साजिद खान के प्रतिष्ठान से नमक का नमूना, मोहल्ला कुरैसियान इस्लामनगर से वाहन से मनपसंद नमकीन का नमूना, बहजोई रोड काजी टोला इस्लामनगर स्थित नेत्रपाल के प्रतिष्ठान से मैंदा का नमूना, बड़ा बाजार सब्जी मण्डी इस्लामनगर स्थित मनोज कुमा के प्रतिष्ठान से महिंद्रा नमकीन का नमूना, उसहैत स्थित श्री महाकाल ट्रेडिंग से सरसों तेल एवं बेसन का नमूना तथा शेष 118 ली० सरसों तेल को सीज किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 17700 रूपया है। म्याऊ दातागंज स्थित श्री दुर्गा मिष्ठान भण्डार के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का नमूना संग्रहित किए गए। कुल 09 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थों को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए।

मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) सी०एल० यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आर०पी० सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण सत्येन्द्र सिंह तोमर, शहाबुद्दीन, आजाद कुमार, माता शंकर बिन्द, राजेन्द्र नाथ मिश्रा, एवं खुशीराम मौजूद रहे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# जाम के चलते नहीं गिरा कैलसा रेलवे क्रासिंग का बूम

## रोजाना जाम लगने से लोग परेशान, स्कूली वाहन भी अक्सर फंसे रहते हैं जाम में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कैलसा रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम के कारण लोग बुरी तरह परेशान है। हालत यह है कि यहां आये दिन इस परेशानी का सामना करना पड़ा है। स्कूल वाहन भी जाम में फंस जाते है। बच्चों समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते। कई बार लोगों ने फाटक पर पुल निर्माण की मांग की। लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका है।

**■ फाटक बंद न होने से बड़ा हादासा टला**

मुरादाबाद जाने के लिये हाईवे के अलावा कैलसा से पाकबाड़ा होते हुए जाने वालों का भारी भीड़ है। लेकिन इस मार्ग पर कैलसा फाटक काफी समय से लोगों के लिये परेशानी का सबब बना है। इस पर पुल न होने के कारण ट्रेन आने से आधा घंटा पहले ही फाटक को बंद कर दिया जाता है। जिस कारण सड़क के दोनों और वाहनों की कतारें लग जाती है। गुरूवार को भी इसी तरह का नजारा देखने को मिला। मालगाड़ी रेल की पटरियों पर खड़ी थी। जबकि फाटक बंद था। जिस कारण सड़क के दोनों और वाहनों का जमावाड़ा लगा रहा। क्रासिंग के नीचे से वाहन निकालने की जल्दबाजी ने इस समस्या को और बढ़ा दिया। हालात यह हो गये कि कई स्कूली वाहन भी जाम में फंस गये। जिस कारण बच्चे समय से स्कूल नहीं पहुंच सके। इस समय गन्ना का पैराई सत्र चल रहा है। गन्ने लदे वाहनों की भी बड़ी संख्या में आवाजाही हो रही है। लेकिन कैलसा फाटक पर पुल न होने के कारण जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि वह कई बार इस समस्या को दूर करने के लिये ओवर ब्रिज निर्माण की मांग कर चुके है। लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन देकर शांत कर दिया जाता है।





अमरोहा। निर्माणाधीन महिला थाने का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद।

# निर्माण में घटिया सामग्री पर जताई नाराजगी

## नोडल अधिकारी ने प्रभारी अधिशांसी अभियंता से स्पष्टीकरण के आदेश दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रमुख सचिव खादय एवं रसद एवं नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद ने महिला थाने के निर्माण में लगायी जा रही घटिया सामग्री पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने सीडीओ को निर्देश दिये कि वह प्रभारी अधिशासी अभियंता का स्पष्टीकरण लें तथा पूरे कार्य की जांच भी की जाये।

**■ निर्माणाधीन महिला थाने का निरीक्षण करने पहुंचे नोडल अधिकारी**

कलेकट्रेट बाईपास रोड पर 2.95 लाख की लागत से बन रहे महिला थाने का प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद ने निरीक्षण किया। भवन के फर्श में प्रयुक्त की गयी ग्रेनाइट, दरवाजे की प्लाई, खिड़कियों का ग्लास आदि का कार्य मानक के अनुसार नहीं मिला। जिस पर उन्होंने कार्यदायी संस्था पर गहरी नाराजगी जताते सीडीओ को प्रभारी अधिशासी अभियंता सुबोध कुमार के स्पष्टीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने महिला थाने के सभी कार्यालय, आवास, किचिन, आदि का गहनता से निरीक्षण किया। इसके बाद वह कल्याणपुरा रोड पर 2.8 करोड़ की लागत से बन रहे सैनिक कल्याण भवन का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता को नियमानुसार कार्य करने के आदेश दिये। जोया की गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होने गौवंश को माला पहनायी तथा गुड़ खिलाया। साथ ही कहा कि यहां खली चोकर की पूर्ण उपलब्धता हो। भूसे व हरे चारे को मिलाकर पशुओं को दिया जाये। बीमार पशुओं का बेहतर इलाज किया जाये। उनके साथ डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एएसपी राजीव कुमार, एसडीएम ब्रजपाल सिंह भी मौजूद रहे।

# मामूली बात पर दो पक्षों में जमकर पथराव

## आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में आपस में भिड़ गए। मारपीट के बीच जमकर पथराव चला। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला नौगावां सादात के मोहल्ला नई बस्ती की है। यहां फरीदी वाली गली में अतीकुर्रहमान का परिवार रहता है वहीं पास स्थित शिकरिया वाली गली में रईसुद्दीन का परिवार रहता है। शाम में किसी बात को लेकर दोनों परिवार के युवकों के बीच कहासुनी हो गई। जिसने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। इसी बीच पथराव भी शुरू हो गया।।घटना से भगदड़ मच गई। मारपीट व पथराव दोनों तरफ से चार लोग घायल हो गए। मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कराकर मामला शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में रईसुद्दीन पक्ष की तरफ से अतीक, शब्बू, शहनाज व कैफ तो अतीकुर्रहमान की तरफ से तैयब, अल्तमश, नन्हूं व रईसुद्दीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# नीलगाय से टकराकर चिकित्सक की मौत

## बम्बूगढ़ मार्ग पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बम्बूगढ़ मार्ग पर पथखोई गांव के नजदीक नीलगाय ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में डाक्टर की मौत हो गयी। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना का डा. सुहैल अमरोहा के मोहल्ला छंगा दरवा. जा में क्लीनिक चलाते थे। आज सुबह वह घर से क्लीनिक के लिए निकला था अभी उसकी बाइक संभल बम्बूगढ़ मार्ग पर गांव पथखोई के नजदीक पहुंची थी कि अचानक नीलगाय ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में डाक्टर के सिर में गंभीर चोट आयी। जिस पर परिजन उसे चिर्कि. कतसक के ले गये। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया तथा बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि इस बारे में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गयी है।

# भदौरिया बने नौगांवा सर्किल के सीओ

## एसपी ने तीन सीओ के कार्यक्षेत्र बदले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार रात तीन सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। बीते साल बतौर ट्रेनी सीओ जिले में आमद कराकर पुलिसिंग के तौर-तरीके सीखने वाले अवधभान भदौरिया को नौगावां सादात सर्किल का सीओ बनाया। वहीं, कुम्भ मेले में ड्यूटी के बाद अमरोहा लौटे सीओ अभिषेक कुमार यादव को सीओ पुलिस लाइन की नई जिम्मेदारी दी। गौरतलब है कि कुम्भ मेले में जाने से पहले नौगावां सादात सर्किल की जिम्मेदारी अभिषेक कुमार यादव के पास थी। उनकी गैर मौजूदगी में करीब तीन महीने से नौगावां सादात सर्किल की बागडोर संभाल रहे पंकज कुमार त्यागी अब सीओ कार्यालय के साथ अब डायल 112 की जिम्मेदारी निभाएंगे। इस फेरबदल के बाद पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर बदलाव होने के कयास लगाए जा रहे हैं। चर्चा है कि पुलिस कार्यालय से जल्दी आने वाली स्थानांतरण सूची में कई थाना प्रभारियों के अलावा चौकी प्रभारियों की भी कुर्सी छीन सकती है।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

**रहरा।** पुरानी रंजिश में युवक को पीटकर घायल कर दिया। जिसने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी अजीम पुत्र मोहम्मद अली किसी काम से बुरावली गया था। गांव से पहले ही वहां खड़े नौशाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे घेर लिया तथा कहासुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी। जिसमें अजीम बुरी तरह घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है जबकि अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

# नीलगाय से टकराकर चिकित्सक की मौत

## बिना कार्रवाई के शव सुपुर्दे खाक, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** क्लीनिक जा रहे निजी चिकित्सक की बाइक सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा गई। हादसे में चिकित्सक की मौके पर ही मौत हो गई। जवान बेटे की मौत से मचे को. हराम के बीच परिजनों ने बगैर कार्रवाई मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया।



गुरुवार सुबह करीब 10 बजे हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में संभल चौराहा-बंबूगढ़ मार्ग पर हुआ। क्षेत्र के गांव हरियाना में मोहम्मद साबिर का परिवार रहता है। परिवार में तीन बेटे हैं। बड़े बेटे जुनैद आलम पेशे से अधिवक्ता हैं और वह जिला न्यायालय में प्रेक्टिस करते हैं। मझले बेटे डा. मोहम्मद सुहैल का शहर में क्लीनिक था जबकि तीसरे नंबर के सबसे छोटे बेटे जीलानी ने गांव में ही कान्वेंट स्कूल खोल रखा है। गुरुवार सुबह डा. मोहम्मद सुहैल बाइक पर सवार होकर घर से क्लीनिक जा रहे थे। सम्भल चौराहा-बंबूगढ़ मार्ग पर पहुंचे तो अचानक खेतों में से नीलगाय निकल कर सड़क पर आ गई। नीलगाय डा. सुहैल की बाइक को टक्कर मारती हुई सड़क पार कर दूसरी तरफ जंगल में चली गई। डा. सुहैल बाइक समेत गिरकर गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें फौरन ही निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया।

# नमाज को जा रहे ग्रामीण को पीटा

**नौगावां सादात।** नमाज को जा रहे ग्रामीण को दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्नी ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है। घटना थाना क्षेत्र के गांव मो. हनपुर शुमाली की है। यहां के रहने वाले जुबैर दो मार्च को सुबह के समय नमाज अदा करने मजिस्द में जा रहे थे। रास्ते में दबंग बालकराम, रोहित, क्रीस व सोनू ने रोक लिया तथा उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर जुबैर पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गये। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने में तहरीर दी है।

# कोरम पूरा न होने से बोर्ड की बैठक स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बजट बैठक में मात्र छह सभासद ही पहुंचे, कोरम पूरा होने के अभाव में बोर्ड की बैठक स्थगित हो गई। अब बैठक की नई तिथि घोषित की जाएगी। बता दें कि बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी द्वारा बोर्ड की बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 2025 के लिये बजट भी पास होना था। निर्धारित समय पर नगर पालिका की चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी कार्यालय पहुंच गई, काफी देर की प्रतीक्षा के बाद भी मात्र छह सभासद कविता देवी, सोनिका सिंह, उर्मिला देवी, सुंदरलाल, कपिल कुमार और वीरेंद्र वर्मा आदि ही पहुंचे। 25 सभासदों में से मात्र छह सभासद ही पहुंच पाने के कारण बोर्ड की बैठक स्थगित हो गई।

**■ 25 से मात्र छह सभासद ही पहुंचे**

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिये इस बार का बजट 52 करोड़ 53 लाख रूपये का प्रस्तावित है, जिसमें से नगर के विकास के लिये 51 करोड़ 77.5 लाख रूपये व्यय किए जाएंगे। इस तरह पालिका का यह बजट 75.50 लाख रूपये का लाभकारी रहेगा। इसमें गृहकर से 2.90 करोड़, जलकल से 96 लाख, दो प्रतिशत अचल सम्पत्ति कर से 60 लाख, केयरिंग चार्ज आदि से 30 लाख, 15 वें वित्त से छह करोड़, राज्य वित्त से 18 करोड़, सीएमवीएनवाई से छह करोड़ आदि 52.53 करोड़ की आय प्रस्तावित है जबकि नये सड़क कार्य व्यय पर 15 करोड़, नगरीय सड़क सुधार योजना पर 13.50 करोड़, सफाई व्यवस्था पर 2.5 करोड़ आदि समेत 51 करोड़ 77.5 लाख रूपये का व्यय किया जाएगा। लेकिन सभासदों के न आने के कारण कोरम के अभाव में यह बैठक रद्द हो गई है। अब अग्रिम तिथि घोषित होने के बाद फिर से यह बैठक आयोजित की जायेगी। बता दें कि पिछले वर्ष भी बजट हेतु बोर्ड की बैठक एक बार कोरम के अभाव में रद्द हो गई थी जबकि दूसरी बार में बैठक में बजट पास हुआ था।



गजरौला। बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरपर्सन व सभासद।



















## एक नजर

### त्यौहार पर भाईचारा कायम रखें

**जोया।** डिडौली। होली और ईद को लेकर गुरुवार को कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें आपसी सद्भाव से त्योहारों को मनाने के साथ-साथ कोई भी नई परंपरा नहीं कायम करने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। आठ दिन बाद होली का त्योहार आ रहा है, इसलिए सभी होली के त्योहार को आपसी सद्भाव के साथ मनाए। किसी तरह की कोई भी नहीं परंपरा ना कायम करें, जबरदस्ती किसी पर रंग न लगे। ईद का त्योहार मिलजुलकर मनाने की बात कही। उन्होंने अशांति फैलाने वाले तत्वों की जानकारी देने की अपील की। बैठक में एसएसआई जसवीर सिंह, जिवाई चौकी प्रभारी सोनू कुमार, प्रधान जियाउल हक, राजेन्द्र सिंह लाठौरी, मदन वर्मा, ठाकुर पोपाल सिंह, कृष्णा पवार, चमन सिंह, अमित, मुख्तियार अहमद, कल्लू चौधरी, मोहम्मद इरफान, अशरफ अली, राजेन्द्र सिंह, कासिम आदि मौजूद रहे।

### हार्टअटैक से पालिका कर्मी की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** पूर्व चेयरमैन के भाई पालिका कर्मी की हार्टअटैक से मौत हो गयी। नगर पालिका में शोकसभा आयोजित की गयी। नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हाजी इकरार अंसारी के भाई जाहिद अंसारी नगर पालिका कर्मचारी थे। आज सुबह अचानक उन्हें हार्टअटैक का दौरा पड़ा। देखते ही देखते पालिका कर्मी की मौत हो गयी। कर्मी की मौत से घर में कोहराम मच गया। जबकि पालिका में शोकसभा आयोजित कर मृतक परिवार को सांत्वना दी गयी।

### सिटिजन चार्टर लागू होने पर खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री डा. जीपी सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग में सिटिजन चार्टर लागू होने से शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं का निदान होगा। उन्होंने कहा कि काफी समय से इस मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा था। जिसे अब पूरा किया गया है। शिक्षकों और कर्मचारियों के सेवा संबंधी काम भी समय सीमा में निस्तारित होंगे। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह व जिला मंत्री बालक राम ने कहा कि छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र के आवेदन के 15 दिन के उपरांत उपलब्ध करायें जायेंगे। इस मौके पर आसिम अब्बासी, दानिश हबीब, महीपाल सिंह, रूकने आलम, चारू शर्मा, हसनैन नवाज, मनोज आदि मौजूद रहे।

# भारत-न्यूजीलैंड 25 साल बाद होंगे आमने-सामने

● चैंपियंस ट्रॉफीः एक बार फिर दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के लिए खिताबी जंग लड़ेंगी

**दुबई, वार्ता।** आलीशान इमारतों के शहर दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थीं। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दो बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ी हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच 2021 में विश्व टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला गया था। बारिश के कारण छह दिनों तक चले इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम भारत पर भारी पड़ी थी और कीवियों ने भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया था। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नाकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। उस मैच में सौरव गांगुली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने गांग.ुली के 117 रन और सचिन तेंदुलकर के 69 रनों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में स्टीफन फ्लेमिंग की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था। कीवी टीम के लिए क्रिस कार्न्स ने 113 गेंदों पर नाबाद 102 रन बनाए थे और भारत के मुंह से जीत छीन ली थी। इसके बाद से न्यूजीलैंड ने कभी आईसीसी के सफेद गेंद प्रारूप का टूर्नामेंट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन दोनों ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा। अब उसका सामना एक और फाइनल में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से होगा जो टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में पहुंची है। गत दो मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर मुकाबला हुआ था जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 250 रनों का लक्ष्य रखा था। इस मैच में वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही थी। चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला ही मैच खेलते हुए वरुण ने पांच विकेट झटके थे।






# शमी का लार के नियम पर दोबारा विचार करने का आग्रह

कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, दो नई गेंद नियम के आने से बिगड़ी स्थिति

दुबई, वार्ता। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी से गेंद पर लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का आग्रह किया है। कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इससे तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है, लेकिन अब गेंदबाज इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं करने से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वनडे क्रिकेट में दो नई गेंद का नियम आने से स्थिति और बिगड़ गई है। शमी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई गेंदबाजों ने आईसीसी से लार पर प्रतिबंध पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया है। इन गेंदबाजों का तर्क है कि इससे मुकाबले के दौरान बल्लेबाज और गेंदबाजों के बीच सही संतुलन बना रहेगा। शमी ने कहा, हम रिवर्स स्विंग करने का प्रयास करते हैं, लेकिन आप गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। हम लगातार लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी मांग रहे हैं और रिवर्स स्विंग होने से खेल दिलचस्प हो जाएगा। मैं लय वापस हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं और टीम के लिए अतिरिक्त योगदान देना चाहता हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है।

## रोजा न रख कर शमी ने किया बड़ा गुनाहः बरेलवी

**बरेली, वार्ता।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष और इस्लामिक रिसर्च सेंटर के संस्थापक और ऑल इंडिया तंजीम उलमा ए इस्लाम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा है कि क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने रमजान के मौके पर रोजा न रखकर बड़ा गुनाह किया है और वह शरीय कठघरे में खड़े हैं। शमी इन दिनो दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मौलाना शहाबुद्दीन ने क्रिकेटर के रोजा न रखने पर एक वीडियो जारी कर कहा कि इस्लाम ने रोजे को फर्ज करार दिया है।

# मुशफिकुर ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



● जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा, पूरी लगन और ईमानदारी से अपना शत-प्रतिशत से अधिक दियाः रहीम

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने बुधवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। खराब फॉर्म में जूझ रहे मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर अपने संन्यास की जानकारी दी। वह वर्ष 2022 में टी-20 से संन्यास ले चुके है।

मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि मैं आज एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। सभी चीजों के लिए अलहमदुलिल्लाह। विश्व स्तर पर मेरी उपलब्धि सीमित रही। जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा तो मैंने पूरी लगन और इमानदारी से अपना शतप्रतिशत से अधिक दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहे और मैंने महसूस किया कि यही मेरी किस्मत है। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को धन्यवाद करता हूं जिनके लिए मैं पिछले 19 साल तक क्रिकेट खेला। मुशफिकुर चैंपियंस ट्रॉफी में भी संघर्ष करते हुए देखे गए। वह भारत के खिलाफ शून्य और न्यूजीलैंड के खिलाफ मात्र दो रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आखिरी एकदिवसीय अर्द्धशतक पिछले वर्ष मार्च में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। इसके बाद वह चोटिल होने की वजह से नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ दो एकदिवसीय और नवंबर, दिसंबर में वेस्टइंडीज के दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। मुशफिकुर ने बांग्लादेश के लिए 250 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह बांग्लादेश में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## खेल विशेष

### एसआरएच ने चोटिल कार्स की जगह मुल्डर को टीम में किया शामिल

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्ड्डर को टीम में जगह दी है। एसआरएच ने बतांया कि इंग्लैंड के ऑलराउंडर कार्स चोट के कारण आईपीएल के इस सत्र नहीं खेल पाएंगे। टीम प्रबंधन ने उनकी जगह मुल्डर को 75 लाख रुपये में खरीदा है। मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 11 टी-20, 25 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 60 विकेट लिए हैं और 970 रन बनाए हैं। एसस20 में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए 32 मैचों में 26-21 की औसत और 136-11 के स्ट्राइक रेट से 603 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्द्धशतक भी शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने नौ विकेट भी लिए।

### फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की घोषणा के अनुसार नॉक-आउट प्रारूप वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 13 क्लब और आई-लीग के तीन क्लब शामिल होंगे। सुपर कप का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में आईएसएल टीमों का दबदबा रहा है। वर्ष 2018 में बेंगलुरू एफसी ने इसका खिताब जीता। उसके बाद वर्ष 2019 में एफसी गोवा ने फाइनल में चेन्नईयिन एफसी को हराया। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2020 और 2022 के बीच आयोजित नहीं किया गया था।

# आईपीएल में धोनी की सलाह मद्दगार साबित हुईः राहुल त्रिपाठी



■ धोनी के साथ समय बिताना मेरे लिए सौभाग्य की बात

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर राहुल त्रिपाठी ने कहा है कि वर्ष 2017 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पर्दापण करने पर कैप्टन कूल महेन्द्र सिंह धोनी की सलाह उसके लिए मददगार साबित हुई थी।

हाल ही में गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में राहुल त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने लीग के दसवें सत्र के दौरान आईपीएल में पदार्पण किया। उस समय वह माही के साथ राइलजग पुणे सुपरजायंट्स टीम का हिस्सा थे। फ्रैंचाइजी के लिए अपने पहले मैच से पहले, पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने त्रिपाठी की घबराहट को शांत करने में मदद की थी। उन्होंने कहा कि अपना पहला मैच खेलने से दो दिन पहले मैं ड्रेसिंग रूम में उन्हें देख रहा था। उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि मैं कुछ भी अतिरिक्त करने या सोचने का प्रयास न करूं और मैं प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह से खेल रहा था, वैसा ही खेलने को कहा। इस सलाह से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। माही की सलाह ने वास्तव में मेरी घबराहट को शांत किया। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला। क्रिकेट जगत में कई लोगों का सपना होता है कि वे उनके साथ क्रिकेट के अनुभव साझा करें और उनके साथ खेलें।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राहुल ने 31 साल की उम्र में जनवरी 2023 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय मैच में पर्दापण किया। राहुल ने उस पल को याद करते हुए कहा जब उन्हें अपनी पहली टी-20 कैप मिली थी। अपनी कड़ी मेहनत और धैर्य के अलावा, राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व भारतीय क्रिकेटर धोनी और भारतीय टीम के बल्लेबाजों को जाता है।

# शकील टाइम आउट होने वाले सातवें बल्लेबाज

लाहौर, वार्ता। पाकिस्तान के सउद शकील प्रथम श्रेणी क्रिकेट में निर्धारित समय में क्रीज पर नहीं पहुंचने पर टाइम आउट करार दिये गए। वह टाइम आउट होने वाले दुनिया के सातवें बल्लेबाज है। पाकिस्तान के प्रथम श्रेणी घरेलू टूर्नामेंट प्रेसीडेंट ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की ओर से खेल रहे शकील दो गेंद पर दो विकेट गिरने के बाद तैयार नहीं होने के कारण निर्धारित समय के भीतर क्रीज पर नहीं पहुंचे। विपक्षी पीटीवी टीम के कप्तान अमाद बट ने निर्धारित तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने पर आउट की अपील कर दी।

अंपायरों ने तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने के कारण शकील को टाइम आउट करार दिया। टाइम आउट का वाक्या वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्वकप में उस समय सामने आया था जब एंजेलो मैथ्यूज को बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन के द्वारा अपील की गई और आउट करार दिया गया था वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह आउट करार दिये गए पहले बल्लेबाज थे। प्रथम श्रेणी मुकाबले में मोहम्मद शहजाद ने उमर अमीन और फवाद आलम को लगातार दो गेंद में आउट कर दिया था और उनकी हैट्रिक होने वाली थी। शकील के इस तरह आउट होने के बाद इरफान खान बल्लेबाजी करने आए और वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए जिससे शहजाद ने हैट्रिक पूरी की।

# स्पिनरों के खिलाफ रन उगल रहा विराट कोहली का बल्ला

● कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फॉर्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है

**दुबई, वार्ता।** गत वर्ष बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पर्थ टेस्ट में शतक के बाद लगातार रनों के लिए जूझ रहे विराट कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फार्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की पारी के दौरान विराट एक बार फिर नई ऊंचाइयां छूने को आतुर दिख रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। हालांकि वह मायूस नहीं होंगे। वह लंबे समय से स्पिनरों के खिलाफ परेशान चल रहे थे। इस दौरान वह इससे पूरी तरह उबरते दिखाई दिए। साथ ही उन्होंने 98 गेंद में सिर्फ पांच चौके लगाते हुए एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अर्द्धशतक जड़ा, जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। हालांकि, यह चमत्कार रातोंरात नहीं हुआ है। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत छुपी है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले नेट पर दो घंटे ज्यादा बिताए चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ स्पिनर रिशाद हुसैन ने उन्हें आउट किया था। उन्होंने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को बखूबी खेला लेकिन ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा अलग लीग के गेंदबाज हैं। दुबई की धीमी पिच पर दूसरी पारी में गेंदबाजी से जैम्पा को और मदद मिली। पहली बार दोनों का सामना 2017 में हुआ था जब जैम्पा ने सफेद गेंद के प्रारूप में कोहली को पांच बार आउट किया। इसके बाद से कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज लेग स्पिनर को जवाबी हमले से रोका है। चैंपियंस ट्रॉफी के मैच से पहले उनके खिलाफ 107 की स्ट्राइक रेट से वह 245 गेंद में 264 रन बना चुके थे। सेमीफाइनल में कोहली ने जैम्पा की 24 गेंद में 23 रन बनाए। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह शानदार तो नहीं लेकिन प्रभावी प्रदर्शन रहा। उन्हें जैम्पा ने ही आउट किया लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुके थे। अब भारत का सामना फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम इस चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरी बार खेलने उतरेगी।



# पाक पत्रकार पर बरसे बीसीसीआई उपाध्यक्ष

■ चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है, सवाल नागवार गुजरा, एक ही स्थल पर खेलने के फायदे को किया खारिज

**लाहौर, वार्ता।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तानी पत्रकार के उस सवाल पर भड़क गए, जिसमें उन्होंने उससे पूछा कि क्या चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है। इस आईसीसी टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान है, लेकिन भारत ने इसके लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने भारत के सभी मुकाबले दुबई में कराने का फैसला किया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा हो रहा है। राजीव शुक्ला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच देखने गए थे और उस दौरान उनसे यही सवाल पूछा गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष इस सवाल पर भड़क गए और उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को करारा जवाब दिया। राजीव ने कहा कि भारत पिच नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन पर निर्भर रहती है। राजीव शुक्ला ने कहा, जब आईसीसी स्तर पर यह निर्णय लिया गया था तो यह तय किया गया था कि भारत के मैच दुबई में होंगे और बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे इसलिए यह निष्पक्ष या अनुचित का सवाल नहीं है। भारतीय टीम पिचों पर निर्भर नहीं करती है, यहां तक कि दुबई में भी अलग-अलग तरह की पिचें हैं। टीम अपने प्रदर्शन के आधार पर खेलती है, खिलाड़ी अपनी ताकत के आधार पर खेलते हैं और पिचों पर निर्भर नहीं होते हैं। राजीव शुक्ला ने इस दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तटस्थ स्थल पर द्विपक्षीय सीरीज की संभावनाओं के बारे में भी पूछा गया। इसे लेकर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली भारत सरकार की मंजूरी के अधीन है। वहीं, द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। उन्होंने कहा, जहां तक आप दोनों देशों के बीच क्रिकेट के बारे में पूछ रहे हैं तो यह बहुत स्पष्ट है कि यह भारतीय सरकार का फैसला है। भारत की सरकार जो भी कहेगी, हम उनके अनुसार चलेंगे।

# गोल्फ टूर्नामेंट हीरों इंडियन ओपन का शुभारंभ 27 मार्च से

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत का बहुप्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन 2025 आगामी 27 से 30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेला जायेगा। गुरुवार को यहां आयोजित एक समारोह में भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सह-स्वीकृत हीरो इंडियन ओपन टूर्नामेंट के शुभारंभ की घोषणा की गई। टूर्नामेंट में जैक्स जोहान्स, जूलियन ग्यूरियर, एंजेले, फ्रेडरिक , डेविड रेवेटो, इवेन फर्ग्यूसन और गुइडो मिग्लिओजी जैसे नामी हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने वाले भारतीय गोल्फरों को डीपी वर्ल्ड टूर पर अगले वर्ष के लिए पूर्ण कार्ड प्राप्त करने का अवसर मिलता है। समारोह में टूर्नामेंट के लिए 22-5 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि घोषणा की गई है। जापान के 24 वर्षीय गत विजेता कीता नाकाजिमा इस टूर्नामेंट में नेतृत्व करेंगे। नाकाजिमा के साथ एक और पिछले विजेता जर्मनी के मार्सेल भी होंगे। इस अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष संजय ने कहा कि हीरो इंडियन ओपन सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है यह भारतीय गोल्फ के विकास और वैश्विक मंच पर इसकी बढ़ती प्रमुखता का प्रमाण है। हीरो इंडियन ओपन 2025 की घोषणा के साथ हमें भारत के राष्ट्रीय ओपन के साथ अपनी दो दशक लंबी साझेदारी का विस्तार करने पर गर्व है। यह टूर्नामेंट यहां की गोल्फ विरासत की आधारशिला है। हीरो मोटोकॉर्प भारत और वैश्विक स्तर पर खेलों को समर्थन देने और उन्हें आगे ले जाने में अपनी विरासत को बढ़ाने के लिए समर्पित है।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 7 मार्च 2025

## चीन की प्रतिक्रिया

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी योजना के अनुसार उन देशों पर भारी टैरिफ लगाना शुरू कर दिया, जिनके विषय में वह पहले से ही कहते रहे हैं। उनकी योजना दो अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस समय उनके निशाने पर मैक्सिको, कनाडा, भारत, चीन मुख्य रूप से हैं। हालांकि उनकी योजना उन सभी देशों के लिए है, जो अमेरिका के उत्पादों पर टैरिफ लगाते रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि वह टैरिफ के मामले में किसी पर भी रियायत नहीं करेंगे और जैसे को तैसे की भाषा में जवाब देंगे। जहां तक बात मैक्सिको व कनाडा की है, उन पर तो टैरिफ लगाने की बात समझ में आती है लेकिन भारत जैसा मित्र देश जो अमेरिकी उत्पादों को लेकर इस समय काफी नर्मी दिखाता रहा है और अभी तक उसने अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ को लेकर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है उससे भी पता चलता है कि भारत अमेरिका के साथ किसी तरह का व्यापारिक टकराव नहीं चाहता, जबकि मैक्सिको, कनाडा और चीन ने अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में चुनौती देनी शुरू कर दी है और बदले में यह देश भी अमेरिका के उत्पादों पर शुल्क लगा रहे हैं। अब यह लड़ाई कहां तक जाएगी या व्यापार तक ही सीमित रहेगी या व्यापार से आगे भी निकल सकती है, क्योंकि जैसी कठोर प्रतिक्रिया इस समय चीन की तरफ से देखने को मिली है, वह दुनिया के लिए ठीक नहीं है। चीन ने यहां तक कह दिया है कि वह अमेरिका के साथ युद्ध में हर हद तक जाएगा। चाहे व्यापारिक युद्ध हो चाहे अन्य कोई और, वह पूरे दम–खम के साथ अमेरिका से लड़ेगा। जिस तरह चीन ने अपना एकाएक 7.2 प्रतिशत अपना रक्षा बजट बढ़ाया है, वह भी चौंकाने वाला है। इस समय कुल बजट की बात करें, तो चालू वर्ष में जहां अमेरिका का रक्षा बजट 890 अरब डॉलर है, तो वहीं चीन का 249 अरब डॉलर है यानि अमेरिका के बाद केवल दुनिया में चीन ही है, जो रक्षा बजट के मामले में दूसरा नंबर रखता है। जहां तक बात भारत की है, भारत का रक्षा बजट चीन से भी काफी कम है। जोकि 78.8 अरब डॉलर है। मतलब साफ है कि चीन अपना रक्षा बजट बढ़ाकर अमेरिका को सीधे चुनौती तो नहीं लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से चुनौती पेश कर रहा है कि वह उसे हल्के में न ले। इस टैरिफ वॉर में कौन घाटे में जाएगा और किसको लाभ होगा, यह तो उस समय पता चलेगा, जब इस संबंध में आंकड़े सामने आएंगे और ये आंकड़े आने में अभी काफी लंबा समय लगेगा। अभी तो केवल शुरुआतभर ही है इसलिए अभी जल्दबाजी में कुछ नहीं कहा जा सकता। वैसे ट्रम्प जिस तरह फैसले ले रहे हैं, उसने विश्व को जरूर एक नई पैचीदा स्थिति में डाल दिया है। सबसे बड़ी यह मुश्किल पैदा कर रही है वह उनके फैसले लेने का स्वभाव है। अब देखना है कि दुनिया पर उनके फैसलो का क्या प्रभाव पड़ता है।

### मोदी ने गंगा सफाई की गारंटी को भुलाया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए नमामि गंगा योजना शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ, उससे गंगा साफ नहीं हुई, मोदी जी ने कहा था कि उनको मां गंगा ने बुलाया है, पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को भुलाया है, करीब 11 वर्ष पहले, 2014 में, नमामि गंगे योजना शुरू की गई थी, योजना में मार्च 2026 तक 42,500 करोड़ रुपये की राशि इस्तेमाल की जानी थी, पर संसद में गंगा से संबंधित सवालों के जवाब से पता चलता है कि दिसम्बर 2024 तक केवल 19,271 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यानी मोदी सरकार ने नमामि गंगे योजना के लिए आवंटित 55 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

# सलाह: होली के दौरान बालों तथा त्वचा की देखभाल जरूरी




**शहनाज हुसैन**

होली का त्यौहार खुशियों ,मस्ती, रोमांच तथा उत्साह लेकर आता है / लेकिन रंगों के इस त्यौहार को हम सब लोग उत्साह से मनाने के साथ ही रंग खेलने के साथ ही रंग छुड़ाने, त्वचा एवं बालों को हुए नुकसान को लेकर भी टेंशन में रहते हैं क्यों कि 'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फ्ंकने बाले अल्हड़ युवक युवतियों की टोलियां पिचकारी, गुव्वारों, डाई वा गुलाल में बाजार में बिकने बाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उनमें माइका ,लेड जैसे हानिकारक रसायनिक मिले होते हैं जिससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है, बल झड़ना शुरू हो जाते हैं तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है / आज के युग में बाजार में बिकने बाले रंगों में हर्बल तथा प्राकृतिक उत्पाद नाममात्र ही होते हैं / लेकिन ऐसे में आप घर पर छुप कर कतई न बैठें

> **'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फेंकने वाले अल्हड़ युवक-युवतियों की टोलियों पिचकारी, गुब्बारों, डाई व गुलाल में बाजार में बिकने वाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उसमें हानिकारक रासायन मिले होते हैं**

/अगर आप कॉलोनी के पार्क में खुशनुमा माहौल में दिल खोल कर होली खेलना चाहते हैं तो जमकर रंग खेलने के बाद चुटकियों में रंग छुड़ाने के तरीके बता रही हैं सौंदर्य शहनाज़ हुसैन होली का त्यौहार ज्यादातर खुले आसमान में खेला जाता है जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरित प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकारक यू.वी. किरणों के साथ–साथ नमी की कमी की वजह से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निर्जीव बन जाती है। होली के पावन त्यौहार में अपनी त्वचा की रक्षा के लिए होली खेलने से 20 मिनट पहले



त्वचा

पर 20 एस.पी.एफ. सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोड़े, फन्सियां आदि है तो 20 एस.पी.एफ. से ज्यादा दर्ज की सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही विद्यमान होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक शुष्क हैं तो पहले सनस्क्रीन लगाने के बाद कुछ समय इंतजार करने के बाद ही त्वचा पर माइस्चराईजर का लेप करें। आप अपनी बाजू तथा सभी खुले अंगों पर माईस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें। होली खेलने से पहले सिर में बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें।

इससे बालों को गुलाल के रंगों की वजह से पहुंचने वाले सुखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव मिलेगा। आजकल बाजार में सनस्क्रीन सहित हेयर क्रीम आसानी से उपलब्ध हो जाती है। थोड़ी से हेयर क्रीम लेकर उसे दोनों हथेलियों पर फैलाकर बालों की हल्की–हल्की मालिश करें। इसके लिए आप विशुद्ध नारियल तेल की बालों पर मालिश भी कर सकते है। इससे भी रसायनिक रंगों से बालों को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। होली के रंगों से नाखूनों को बचानें के लिए नाखूनों पर नेल वार्निश की मालिश करनी चाहिए। होली खेलने के बाद त्वचा तथा बालों पर जमें रंगों को हटाना काफी मुश्किल कार्य है। उसके लिए सबसे पहले चेहरे को बार–बार साफ निर्मल जल से धोएं तथा इसके बाद कलीजिंग क्रीम या लोशन का लेप कर लें तथा कुछ समय बाद इसे गीले काटन वूल से धो डाले। आंखों के इर्द गिर्द के क्षेत्र को हल्के–हल्के साफ करना न भूलें। क्लीजिंग जैल से चेहरे पर जमें रंगों को धुलने तथा हटाने में काफी मदद मिलती है। अपना घरेलू क्लीनजर बनाने के लिए आधा कप ठंडे दूध में तिल, जैतून, सूर्यमुखी या कोई भी वनस्पति तेल मिला लीजिए। काटन वूल पैड को इस मिश्रण में डूबोकर त्वचा को साफ करने के लिए उपयोग में लाऐं। शरीर से रसायनिक रंगों को हटाने में तिल के तेल की मालिश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे न केवल रसायनिक रंग हट जाऐंगे बल्कि त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा भी मिलेगी। तिल के तेल की मालिश से सूर्य की किरणों से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलती है। नहाते समय शरीर को लूफ या वाश कपड़े की मदद से स्क्रब कीजिए तथा नहाने के तत्काल बाद शरीर तथा चेहरे पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। इससे शरीर में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी। यदि त्वचा में खुजली है तो पानी के मग में दो चम्मच सिरका मिलाकर उसे त्वचा पर उपयोग करें तथा इससे खुजली खत्म हो जाऐगी। इसके बाद भी त्वचा में खुजली जारी रहती है तथा त्वचा पर लाल चकत्ते तथा दाने उभर आते है तो आपकी त्वचा को रंगों से एलर्जी हो गई तथा इसके लिए आपको डाक्टर से आवश्यक सलाह मशवरा जरूर कर लेना चाहिए। बालों को साफ करने के लिए बालों में फंसे सुखे रंगों तथा माईका को हटाने के लिए बालों को बार–बार सादे ताजे पानी से धोते रहिए। इसके बाद बालों को हल्के हर्बल शैम्पू से धोएं तथा उंगलियों की मदद से शैम्पू को पूरे सिर पर फैला लें तथा इसे पूरी तरह लगाने के बाद पानी से अच्छी तरह धो डालिए। बालों की अंतिम धुलाई के लिए बियर को अन्तिम हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। बीयर में नीबूं का जूस मिलाकर शैम्पू के बाद सिर पर उडेल लें। इसे कुछ मिनट बालों पर लगा रहने के बाद साफ पानी से धो डालें। होली के अगले दिन दो चम्मच शहद को आधा कप दही में मिलाकर थोड़ी सी हल्दी में मिलाए तथा इस मिश्रण को चेहरे, बाजू तथा सभी खुले अंगों पर लगा लें। इसे 20 मिनट लगा रहने दें तथा बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। इससे त्वचा से कालापन हट जाएगा तथा त्वचा मुलायम हो जाएगी। होली के अगले दिनों के दौरान अपनी त्वचा तथा बालों को पोषाहार तत्वों की पूर्ति करें। एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल में एक चम्मच अरण्डी का तेल मिलाकर इसे गर्म करके अपने बालों पर लगा लीजिए। एक तौलिए को गर्म पानी में भीगों कर पानी को निचोड दीजिए तथा तौलिए को सिर पर लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक पगड़ी की तरह सिर पर बंधा रहने दीजिए। इस प्रक्रिया को 4–5 बार दोहराईए इसे खोपड़ी पर तेल को जमने में मदद मिलती है। एक घण्टा बाद बालों को साफ ताजे पानी से धो डालिए।

**( लेखिका–अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ है तथा हर्बल क्वीन के नाम से लोकप्रिय है )**

# एआई: एक रक्त परीक्षण से कई बीमारियों का निदान...

> **वर्तमान में आत्म–प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है जिससे निदान में देरी हो सकती है लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है, इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है**

कल्पना कीजिए कि सिर्फ एक रक्त परीक्षण से कोविड–19, एचआईवी, मधुमेह और आत्म–प्रतिरक्षा सम्बंधी बीमारियों की जांच हो जाती है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया का विश्लेषण कर एक साथ कई बीमारियों का पता लगा सकता है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में लगभग 600 लोगों पर इस एआई टूल का परीक्षण किया गया। पता चला कि यह टूल सटीक रूप से पहचान सकता है कि व्यक्ति स्वस्थ है, वायरल संक्रमण से जूझ रहा है या आत्म–प्रतिरक्षा रोग से ग्रसित है। इतना ही नहीं, इससे यह भी पता चल सकता है कि व्यक्ति ने हाल ही में फ्लू का टीका लिया है या नहीं, जो इसकी अतीत और वर्तमान प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को समझने की क्षमता को दर्शाता है।

वास्तव में हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली एक मेमोरी बैंक की तरह काम करती है जो हर संक्रमण, टीकाकरण और बीमारी का रिकॉर्ड रखती है। इसमें दो मुख्य घटक होते हैं। 'बी' कोशिकाएं जो हानिकारक वायरस से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाती हैं और 'टी' को. शिकाएं जो संक्रमित कोशिकाओं को नष्ट करती हैं या अन्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करती हैं। जब किसी व्यक्ति को कोई संक्रमण या आत्म–प्रतिरक्षा रोग होता है तो 'बी' और 'टी' कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है और वे अपनी सतह पर विशेष ग्राही बनाती हैं, जो संक्रमण की पहचान और प्रतिक्रिया में मदद करते हैं।

AI



वैज्ञानिकों ने इन ग्राहियों को बनाने वाले जीन्स का अनुक्रमण किया ताकि बीमारियों का एक विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। इसके बाद, एआई टूल ने इन जीन अनुक्रमों का विश्लेषण करने के लिए छह मशीन–लर्निंग मॉडल का उपयोग किया और अलग–अलग बीमारियों से जुड़े पैटर्न की पहचान की। वर्तमान में, आत्म–प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है, जिससे निदान में देरी हो सकती है। लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है। इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है। यह एआई टूल प्रतिरक्षा प्रणाली की गतिविधियों को पढ़कर उन छिपी हुई बीमा. रियों को भी पकड़ सकता है, जिन्हें पारंपरिक जांचें नहीं ढूंढ पातीं। इसके साथ ही, यदि डॉक्टर किसी व्यक्ति के प्रतिरक्षा इतिहास को समझ पाएं, तो वे व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना सकते हैं और गंभीर लक्षण प्रकट होने से पहले ही बीमारी पकड़ सकते हैं। यह टूल बहुत सशक्त है क्योंकि प्रतिरक्षा प्रणाली अपने आप में एक नैसर्गिक निदान है। यदि हम इसे पूरी तरह समझ लें तो यह बहुत मददगार होगी। लेकिन अभी इस टूल को विविध और बड़े पैमाने पर परखने की ज़रूरत है ताकि यह सटीक और बेहतर हो सके।

**स्रोत फीसर्च**

# 'छावा' की रिलीज के बाद औरंगजेब को लेकर गहराता विवाद!



**अशोक भाटिया**

बॉक्स ऑफिस की ब्लॉक बस्टर फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब का विरोध हो रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। औरंगजेब की तारीफों के पुल बांधकर अबू बुरी तरह से फंस गए हैं। महाराष्ट्र में अबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अबू के बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने दावा किया, हमारा जीडीपी विश्व सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के समय) सोने की चिड़िया कहा जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अबू आजमी के बयान इस बयान के बाद काफी ज्यादा भड़क गए थे। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को जिसने 40 दिनों तक बंधक बनाकर मारा, वह उत्तम प्रशासक कैसे हो सकता है? एकनाथ शिंदे के अलावा शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है।

दरअसल, अबू आजमी ने बॉलीवुड फिल्म छावा के संदर्भ में कहा कि सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए और वह क्रूर नेता नहीं था। सपा के विधायक ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई सत्ता के लिए थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई धर्म के लिए थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। उस समय के राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया, और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था– तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा। उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे, तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34 प्रतिशत हिंदू उसके साथ नहीं होते, और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू–मुस्लिम एंगल

> **सपा के विधायक ने कहा: छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी**


देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा, और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है। इस बीच, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्यों ने मुंबई और ठाणे शहर में आजमी के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद ठाणे में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

महाराष्ट्र में यह पहला मौका नहीं है जब औरंगजेब का जिन्न कब्र से निकला हो। कुछ दिनों से औरंगजेब के नाम का भूत कुछ युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। ये युवा औरंगज़ेब का स्टेट्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं।, जिसकी वजह से पुलिस को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां पर लोग औरंगज़ेब का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं। हाल ही में मुंबई से सटे मीरा–भायंदर इलाक़े से एक मामला सामने आया जहां पर एक शख्स ने अपने इंस्टाग्राम पर टीपू सुलतान और औरंगज़ेब का फोटो इस्तेमाल कर एक वीडियो रील बनाई और उसे अपलोड की जिसमे उसने कहा की :कोई यह मत समझना की हम खत्म हो गए, हम फिर आएंगे वही दौर लेकर यह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ उसपर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े एक कार्यकर्ता की नज़र पड़ी, जिसके बाद उसने इस बात की जानकारी दूसरे लोगों को दी और फिर इस मामले की वजह से शहर का लॉ एंड ऑर्डर ख़राब न हो इस वजह से विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस का रुख़ किया। भायंदर पुलिस स्टेशन के इस मामले के जांच अधिकारी अनिल करे ने बताया कि 23 अगस्त के दिन विश्व हिंदू परिषद के ज़िला मंत्री नांगनाथ कांबले ने शिकायत दी की, जिसमें उन्होंने बताया कि एक साहिल नाम का लड़का, है जिसने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर औरंगज़ेब और टीपू सुलतान इन दोनों का एक वीडियो बनाया रील बनाया है और उसे शेयर किया है, और आगे बताया कि जिसके बाद हमने उसे देखकर वेरिफ़ाई किया और सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर हमने एफआईआर दर्ज की है, यह एफआईआर आईपीसी की धारा 153(ए) और 34 के तहत दर्ज किया है, एफआईआर दर्ज कर हमने साहिल का पता लगाया और उसे भायंदर इलाक़े से गिरफ्तार किया, इस मामले दानिश नाम के दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

आपको बता दें की बीते कुछ महीनों में ऐसे ही कुछ मामले महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहमदनगर, धुले और नासिक से भी सामने आये हैं। इसी साल महाराष्ट्र के अहमदनगर के संगमनेर तालुका में औरंगजेब की तारीफ में पोस्टर लगाने की घटना सामने आई थी वहां विरोध प्रदर्शन किया गया था। ये पहली घटना थी, जिसके बाद प्रदर्शन के बाद अज्ञात लोगों की ओर से पथराव हुआ जिसमे दो लोग घायल हो गए थे और कई गाड़ियों को भी नुक़सान हुआ था। पोस्टर के बाद तुरंत दूसरे दिन यानी की 7 जून के दिन कुछ लोगों ने कोल्हापुर में औरंगजेब और टीपू सुलतान का स्टेटस अपने सोशल मीडिया पर रखा था। ये दूसरी घटना थी, जिसके बाद आज कुछ हिंदू संगठन इसके विरोध प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए थे और पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 'कोल्हापुर बंद' का आयोजन किया इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी।

**( ये लेखक के अपने विचार है, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक व टिप्पणीकार )**

एवं टिप्पणीकार




# बालों के झड़ने को कहें अलविदा, ये जादुई तेल बालों को बनाएगा मजबूत और लंबा

आजकल बढ़ते प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाल, खानपान और तनाव की वजह से लोग कई समस्याओं का सामना करते हैं। तो इन्हीं के कारण बाल झड़ने और हेयर ग्रोथ की समस्या भी बढ़ती जा रही है। इसलिए लोग बालों की केयर के लिए तरह–तरह के हेयर ट्रीटमेंट्स और कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जो बालों को अधिक खराब कर देते हैं। ऐसे में आप घरेलू नुस्खों का सहारा लेकर हेयर फॉल की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। इससे आपके बाल नेचुरल तरीके से लंबे और घने दिखेंगे। अगर आप भी बालों के झड़ने के साथ हेयर ग्रोथ रुक जाने की समस्या से परेशान हैं, तो आज हम आपको एक होममेड तेल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### हेयर ऑयल सामग्री...

- बेरी बेरी लीव्स– 6–7 पत्तियां
- करी पत्ता– 6–7 पत्तियां
- कलौंजी– 1 टेबलस्पून
- काले तिल– 1 टेबलस्पून
- नारियल तेल– 1 बड़ी कटोरी
- विटामिन– ई कैप्सूल– 2
- अरंडी का तेल– 2 टेबलस्पून

### ऐसे बनाएं...

- एक स्टील के बर्तन में नारियल का तेल निकाल लें।
- फिर गैस पर नारियल के तेल को पिघला लें और गैस धीमी रखना है।
- तेल पिघल जाने के बाद उसमें करी पत्ता, काले तिल, बेरी–बेरी लीव्स और
- कलौंजी डालकर अच्छे से पका लें।
- इस तेल को तब तक खौलाएं जब तक यह आधा न रह जाए।
- इस प्रक्रिया में करीब 1 घंटे का समय लग सकता है।
- तब तेल पककर आधा रह जाए, तो इसमें विटामिन ई के कैप्सूल और अरंडी का तेल मिला दें।
- इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और गैस बंद कर दें। जब यह ठंडा हो जाए, तो छलनी की मदद से छानकर इसे डिब्बे में स्टोर कर लें।

### कैसे करें इस्तेमाल...

बता दें कि सप्ताह में दो बार आप इस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं बाल धोने से एक दिन पहले अच्छे से इस तेल से सिर की मालिश करें। जिससे कि पूरी रात तेल अच्छे से बालों की जड़ों तक पहुंच जाए। फिर अगले दिन सुबह उठकर शैंपू से बाल धो डालें।

# टोक्यो में दो जुड़ी हुई बुलेट ट्रेनें अलग हुईं, सेवाएं बाधित

**घटना के समय ट्रेन में सवार थे 650 यात्री**

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में एक स्टेशन के पास गुरुवार को दो जुड़ी हुई शिकानसेन बुलेट ट्रेनें अलग हो गईं, जिसके बाद उन्हें आपातकालीन स्थिति में रोका गया, जिससे पूर्वी जापान में बुलेट ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित रही। पूर्वी जापान रेलवे (जेआर ईस्ट) ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि तोहोकू शिकानसेन लाइन पर एक हायाबुसा ट्रेन और एक कोमाची ट्रेन स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे उएनो और ओमिया स्टेशनों के बीच अलग हो गईं। उन्हें स्थानीय यात्री लाइन पर निशिनिपोरी स्टेशन के पास जांच के लिए रोका गया। रेलवे संचालक ने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नही है। उसने बताया कि घटना के समय ट्रेन में करीब 650 यात्री सवार थे। दस कोच वाली हायाबुसा और सात कोच वाली कोमाची ने स्थानीय समयानुसार सुबह 11:20 बजे टोक्यो स्टेशन से प्रस्थान किया और बाद में उन्हें अलग होकर अलग-अलग स्थानों तक की यात्रा करनी थी। हायाबुसा को तोहोकू शिकानसेन लाइन पर शिनाओमोरी स्टेशन और कोमाची को अकिता शिकानसेन लाइन पर अकिता तक की यात्रा करनी थी। जेआर ईस्ट ने बताया कि घटना के बाद तोहोकू, अकिता, यामागाटा, होकुरिकु और जोएत्सु शिकानसेन लाइनों पर बुलेट ट्रेन सेवाओं को कुछ खंडों पर निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 2:30 बजे के परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया।



# ईरान ने ब्रिटेन की सुरक्षा को खतरे का दावा किया खारिज

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगेई ने बुधवार को कहा कि ब्रितानी अधिकारियों का यह दावा कि तेहरान ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालना चाहता है, पूर्णत: निराधार है। बगेई ने मंगलवार को ब्रिटेन की संसद में संबोधन के दौरान ब्रिटेन के रक्षा मंत्री डैन जार्विस की ईरान विरोधी टिप्पणियों के जवाब में ईरानी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह खंडन किया। जार्विस ने कहा कि वह पूरे ईरान को, जिसमें उसकी खुफिया सेवाएं, इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स और खुफिया मंत्रालय शामिल हैं, खुफिया विदेशी प्रभाव से रक्षा के लिए डिजाइन किए गए आगामी विदेशी प्रभाव पंजीकरण योजना के उन्नत स्तर में रखेंगे।

उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों से आग्रह किया कि ब्रिटेन अपनी टकरावपूर्ण नीतियों पर जोर देने और ईरान के विरुद्ध निराधार आरोप लगाने के बजाय ईरानी लोगों के विरुद्ध अपनी गलत नीतियों को त्याग दे तथा आतंकवाद को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना बंद कर दे।

# अमेरिकी टैरिफ का माकूल जवाब देगा ईयू



**फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा: हमें भी तैयार रहना चाहिए**
**डब्ल्यूटीओ ने की अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत की पुष्टि**

**मॉस्को/वाशिंगटन।** यूरोपीय संघ अमेरिकी टैरिफ के लिए जवाब तैयार कर रहा है, लेकिन अभी भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह कदम उठाने से रोकने की कोशिश कर रहा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह बात कही।

मैक्रोन ने बीएफएम टीवी द्वारा प्रसारित भाषण में कहा, हमें तैयार रहना चाहिए अगर अमेरिका यूरोपीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाता है, जैसा कि उसने अभी कनाडा और मैक्सिको के साथ किया है। यह निर्णय हमारे और अमेरिकी अर्थव्यवस्था दोनों के लिए अस्पष्ट है और हमारे कुछ उद्योगों पर इसके परिणाम होंगे। हम भी इसका उत्तर दिए बिना नहीं रहेंगे, जबकि हम अपने यूरोपीय भागीदारों के साथ जवाब तैयार करते हैं, हम अमेरिकी राष्ट्रपति को मनाने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखते हैं। ट्रम्प ने फरवरी में कहा कि उनका प्रशासन बहुत जल्द यूरोपीय संघ से आयात पर नए 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा करेगा, जिसमें ऑटोमोबाइल भी शामिल हैं। इसी बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बुधवार को कहा कि उसे अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें विवाद परामर्श का अनुरोध किया गया है। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश अमेरिका द्वारा कनाडा में उत्पादित सभी गैर-ऊर्जा वस्तुओं पर 25 प्रतिशत और ऊर्जा वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में शिकायत दर्ज करेगा। डब्ल्यूटीओ ने कहा, कनाडा ने कनाडा में उत्पादित वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लागू किए गए नए टैरिफ उपायों के बारे में अमेरिका के साथ डब्ल्यूटीओ विवाद परामर्श का अनुरोध किया है। कनाडा ने दावा किया है कि अमेरिकी टैरिफ 1994 के टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते के साथ-साथ व्यापार सुविधा समझौते के विभिन्न प्रावधानों के साथ असंगत हैं। संगठन ने कहा कि शिकायत बुधवार को डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के बीच प्रसारित की गई थी। परामर्श के लिए अनुरोध डब्ल्यूटीओ में औपचारिक विवाद शुरू करने का पहला कदम है। यदि पक्षकार 60 दिनों के भीतर विवाद को हल करने में विफल रहते हैं, तो मुकदमा चलाया जाता है।

## अगले सप्ताह पेरिस में होगी बैठक

**मैक्रों ने कहा कि हालांकि फ्रांस, नाटो और अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी दोनों के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसे अपनी रक्षा और सुरक्षा के मामलों में स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने घोषणा की कि वह अगले सप्ताह राजधानी पेरिस में एक बैठक में यूरोपीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे, ताकि स्थाई शांति लाने की योजना पर काम किया जा सके, जिसमें रूस को फिर से आक्रमण करने से रोकने के लिए यूक्रेन में शांति सेना तैनात करना शामिल हो सकता है।**

# परमाणु शस्त्रागार से यूरोपीय सहयोगियों को सुरक्षा देगा फ्रांस

> मैं विश्वास करता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस परमाणु शस्त्रागार का सुरक्षा कवच अपने यूरोपीय सहयोगियों तक बढ़ाने पर विचार करेगा, साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यूरोप को इस बात के लिए तैयार रहना चाहिए कि यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिका कि हमारे साथ खड़ा नही होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैक्रों ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव प्रसारण में कहा, मैंने यूरोपीय महाद्वीप पर अपने सहयोगियों की सुरक्षा के लिए हमारे प्रतिरोध पर रणनीतिक बहस शुरू करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्होंने यूरोप द्वारा यूक्रेन की सहायता जारी रखने तथा अपनी रक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मैक्रों ने फ्रांस के परमाणु शस्त्रागार के बारे में कहा, हमारा परमाणु प्रतिरोध हमारी रक्षा करता है, यह पूर्ण, संप्रभु, शुरुआत से अंत तक फ्रांसीसी है। यह हमारे कई पड़ोसियों की तुलना में हमारी बहुत अधिक रक्षा करता है। उन्होंने कहा, जो कुछ भी हो, निर्णय हमेशा गणराज्य के राष्ट्रपति, सेना के कमांडर के हाथों में रहा है और रहेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यूरोप एक नए युग में प्रवेश कर रहा है और रूस से खतरे के प्रति दर्शक बने रहना मूर्खता होगी। मैक्रों ने कहा, हमारे सहयोगी अमेरिका ने इस युद्ध पर अपनी स्थिति बदल दी है, यूक्रेन का कम समर्थन कर रहा है और आगे क्या होगा, इस पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं यह विश्वास करना चाहता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है।

# एयरोस्पेस विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद तेज

**मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने करार पर हस्ताक्षर किए**

**बेलगावी (कर्नाटक)।** देश के एयरोस्पेस उद्योग में नवाचार और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने बेलगावी एयरोस्पेस क्लस्टर (बीएससी) में 50:50 संयुक्त स्वामित्व वाली सैंड कास्टिंग सुविधा की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह प्रस्तावित सुविधा वाणिज्यिक और रक्षा दोनों क्षेत्रों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित की जाएगी। वर्तमान में भारत में एयरोस्पेस-योग्य एनएडीसीएपी प्रमाणित सैंड कास्टिंग सुविधाओं की कमी है। ऐसे में यह पहल देश और दक्षिण पूर्व एशिया के एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। भारत में मेक इन इंडिया और उड़ान योजना जैसी पहलों से एयरोस्पेस उद्योग में जबरदस्त विकास हुआ है। निजी क्षेत्र के बढ़ते निवेश और बढ़ते हवाई यातायात के कारण, इस संयुक्त उद्यम से देश में एयरोस्पेस विनिर्माण के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद है। यह पहली बार नही है जब मैगेलन और एक्वस एक साथ आए हैं। वर्ष 2007 में दोनों कंपनियों ने एयरोस्पेस प्रोसेसिंग इंडिया की स्थापना की थी, जो एयरबस और बोइंग द्वारा अनुमोदित भारत की पहली थर्ड-पार्टी सरफेस ट्रीटमेंट सुविधा है। इसके अलावा वर्ष 2024 में दोनों कंपनियों ने कर्नाटक में विमान इंजन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा विकसित करने के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।



**हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे**

# 1905 में आए भूकंप के निशान अब तक बाकी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगडा में 1905 में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन इस त्रासदी के निशान और असर अभी तक बने हुए हैं।

कांगड़ा में 1905 में आया भूकंप भारतीय इतिहास के सबसे विनाशकारी भूकंपों में से एक है। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.8 से 7.9 के बीच मापी गई थी और इसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए थे। इस भूकंप से करीब 53,000 पालतू जानवर मारे गए और लगभग 100,000 इमारतें मलबे में तब्दील हो गयी थी। जलसेतु नेटवर्क सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के पूर्ण रूप से ध्वस्त होने के कारण लंबे समय तक पीड़ा और भारी आर्थिक नुकसान को दंश कांगडा ने झेला है। अतिरिक्त सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन बलवान चंद ने सभी विभागाध्यक्षों को लिखे एक पत्र में कहा, पीड़ितों को सम्मानित करने और आपदा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए, हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर आपदा जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को भूकंप की तैयारियों और लचीलापन-निर्माण उपायों के बारे में शिक्षित करना है। इस अवसर पर निर्धारित प्रमुख कार्यक्रमों में सरकारी और निजी संस्थानों में निकासी अभ्यास, सभी जिला मुख्यालयों में नागरिक एकजुटता मार्च और स्कूलों, विश्वविद्यालयों और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में जागरूकता कार्यशालायें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य आकर्षण केन्द्र एक ड्रिल है, जिसमें हज़ारों लोग ड्रॉप, कवर एंड होल्ड अभ्यास में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त, अप्रैल में ग्राम सभा की बैठकें भूकंप-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि स्थानीय समुदाय सुरक्षित निर्माण तकनीकों को समझें और अपनायें। अभियान में भूकंप सुरक्षा दिशा-निर्देशों का प्रसार और छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। चंद ने कहा कि पिछली आपदाओं और बढ़ते भूकंप के जोखिमों के मद्देनजर, सरकार ने भविष्य में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और तेज़ कर दिया है। राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना को नए निर्माणों, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में अनिवार्य भूकंप-रोधी भवन संहिताओं के साथ बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए संशोधित किया गया है। आपदा-रोधी आवास को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरों, राजमिस्त्रियों और स्थानीय बिल्डरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में भूकंपीय निगरानी स्टेशनों की स्थापना से वास्तविक समय में अलर्ट मिलेंगे, जबकि आपदा की तैयारी को नियमित सामुदायिक अभ्यास के साथ स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 2023 के मानसून के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 13,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए थे, सरकार भूस्खलन- प्रभावित क्षेत्रों में असुरक्षित विकास को रोकने के लिए जलवायु-अनुकूल निर्माण और इस संबंध में सख्त कानूनों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# तहव्वुर राणा ने की प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग

**वॉशिंगटन।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है।

राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है, क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से वांछित तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है।



**कौन हैं तहव्वुर राणा**

- पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक हैं तहव्वुर राणा
- मुंबई हमले की साजिश रचने का आरोपी
- पाकिस्तानी सेना में भी कर चुका है काम
- डेविड हेडली मुंबई की रेकी करने का भी है आरोपी

राणा ने अपने आवेदन में कहा है कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है। वह हृदय धमनी विकार, पार्किंसंस और यूरिनल कैंसर का रोगी है। राणा के वकीलों का तर्क है कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकता है। तहव्वुर हुसैन राणा (63 वर्षीय) पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा, पाकिस्तानी सेना में भी काम कर चुका है और सेना में डॉक्टर रहा। हालांकि 90 के दशक में राणा कनाडा चला गया और फिर उसने वहीं की नागरिकता ले ली थी। कनाडा से तहव्वुर राणा अमेरिका पहुंचा और वहां उसने शिकागो में एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म खोली। मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

राणा को साल 2009 में अमेरिकी जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली ने मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी। हेडली, तहव्वुर राणा की इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म का कर्मचारी था। जांचकर्ताओं का मानना है कि हेडली ने तहव्वुर राणा के इशारे पर ही ये काम किया।



